RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

# द अचीवर टाइम्स

वर्ष : 9 | अंक : 250
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 04 जनवरी, 2024




## एक नज़र

### ब्रिटेन में भारतीय मूल के जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल

**एजेंसी,लंदन।** लंदन में भारतीय मूल के मेडिकल एसोसिएशन के जूनियर डॉक्टरों की छह दिवसीय हड़ताल जारी है। इस बीच पैनल ने बुधवार को यूके सरकार से बातचीत के लिए उनका आह्वान किया। बता दें ब्रिटेन के स्वास्थ्य सेवा इतिहास में यह सबसे लंबी हड़ताल मानी जा रही है। ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन (बीएमए) जूनियर डॉक्टर्स कमेटी के सह-अध्यक्ष डॉ विवेक त्रिवेदी ने बताया कि मंत्रियों को एक विश्वसनीय वेतन प्रस्ताव के साथ आगे आना चाहिए ताकि वे हड़ताल वापस ले सकें। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) अस्पतालों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले हजारों जूनियर डॉक्टरों या योग्य चिकित्सा पेशेवरों पर निर्भर हैं, जो मुद्रास्फीति के अनुरूप बेहतर वेतन की मांग को लेकर पिछले साल से औद्योगिक कार्रवाई कर रहे हैं। त्रिवेदी ने बताया, सरकार की ओर से कोई भी आज भी हमारे पास आ सकता है और अगर हमें लगता है कि वह प्रस्ताव विश्वसनीय है और यदि हम बातचीत फिर से शुरू कर सकते हैं और उस पर आगे बढ़ सकते हैं, तो हम सप्ताह के बाकी दिनों के लिए अपनी हड़ताल की कार्रवाई रोक सकते हैं।

### इमरान की पार्टी को बड़ा झटका

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के एक उच्च न्यायालय ने बुधवार को चुनाव आयोग (ईसीपी) के उस आदेश को बहाल कर दिया जिसमें पीटीआई पार्टी के आंतरिक चुनाव और उसके क्रिकेट बैट चुनाव चिह्न को रद्द कर दिया गया था। आम चुनाव से पहले ईसीपी का यह फैसला पीटीआई के लिए बड़ा झटका है। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, पेशावर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश एजाज खान ने ईसीपी की पुनर्विचार याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया। ईसीपी ने 22 दिसंबर को पीटीआई के आंतरिक चुनावों को खारिज कर दिया था और पार्टी को उसके क्रिकेट बैट चुनाव चिह्न से वंचित कर दिया था। बैरिस्टर गौहर खान को दिसंबर में आंतरिक चुनावों में पार्टी का नया अध्यक्ष चुना गया था।

## INDIA गठबंधन में दरार!

## कांग्रेस को अलग करने की तैयारी में जुटे क्षेत्रीय दल?

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के द्धह्नष्ठद्ब गठबंधन में दरार पड़ती दिख रही है. सूत्रों के मुताबिक, क्षेत्रीय दल कांग्रेस से नाराज चल रहे हैं और ये पार्टियां कांग्रेस को अलग कर बैठक करने की तैयारी में हैं. बताया जा रहा है कि ये पार्टियां अगले दो दिनों में ऑनलाइन बैठक कर बड़ा फैसला ले सकती हैं. जदयू के नीतीश कुमार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे,क्क के अरविंद केजरीवाल, टीएमसी की ममता बनर्जी और एनसीपी के शरद पवार के अलावा दूसरे क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने आपस में बातचीत की है. इसके साथ ही कुछ अन्य नेताओं से भी संपर्क किया जा रहा है.

बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय दल इस बात से नाराज हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर चुप बैठी है. ममता बनर्जी ने पहले ही कहा था कि 31 दिसंबर तक गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया जाए. लेकिन कांग्रेस से अभी तक उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है। सीटों के बंटवारे पर दिल्ली में हुई बैठक में 31 दिसंबर तक करने का फैसला किया गया था, लेकिन कांग्रेस पार्टी की कमेटी की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। बताया जा रहा है कि गठबंधन के संयोजक पद पर भी कोई फैसला नहीं हुआ है, इसको लेकर भी रीजनल पार्टियों में नाराजगी है।



**बताया जा रहा है कि क्षेत्रीय दल इस बात से नाराज हैं कि कांग्रेस गठबंधन को लेकर चुप बैठी है. ममता बनर्जी ने पहले ही कहा था कि 31 दिसंबर तक गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया जाए. लेकिन कांग्रेस से अभी तक उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है.**

दूसरी तरफ महाविकास आघाडी में जहां सीटों का बंटवारा करीब-करीब तय माना जा रहा था। माना जा रहा था कि शिवसेना 19, कांग्रेस 13, एनसीपी 10, प्रकाश आम्बेडकर और राजू शेट्टी 1-1 सीट पर चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा बची चार सीटों पर चर्चा करना तय माना जा रहा था। लेकिन इस पर अब बात आगे नहीं बढ़ पा रही है, जिससे क्षेत्रीय दलों में बेचैनी बढ़ती जा रही है। क्षेत्रीय दलों का मानना है कि गठबंधन को अंतिम रूप देने में जितनी देरी होगी, उतना ही उन्हें कार्यकर्ताओं और दूसरे संसाधनों को जुटाने के लिए कम वक्त मिलेगा। इसी बीच कांग्रेस ने गुरुवार को अपने प्रदेश अध्यक्षों, महासचिवों और विधायक दल के नेताओं की बैठक बुलाई है। माना जा रहा है कि यह बैठक राहुल गांधी की अगली यात्रा को लेकर है। लेकिन क्या इसमें क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन को लेकर भी विचार किया जाएगा, इस पर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं है।

## सीएम पद से इस्तीफा नहीं देंगे हेमंत सोरेन

## विधायक दल की बैठक में हुआ बड़ा फैसला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को रांची में अपने आवास पर सत्तारूढ़ गठबंधन - झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम), कांग्रेस, राजद और अन्य के विधायकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में 43 विधायक शामिल हुए। बैठक के समय से राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें तेज हो गई थीं। हालांकि, बैठक में इस बात को लेकर पैसला हुआ कि हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने रहेंगे। झामुमो सांसद महुआ मांझी ने कहा कि उन्होंने ईडी द्वारा भेजे गए 7वें समन का जवाब दिया है। जब से हेमंत सोरेन ने सरकार बनाई है, उन्होंने (बीजेपी) सरकार को बर्खास्त करने के लिए पूरी ताकत लगा दी है।

महुआ मांझी के मुताबिक हेमंत ने कहा है कि वह लड़ने के लिए तैयार हैं। वह झारखंड के सीएम बने रहेंगे। बीजेपी ने जो तनावपूर्ण स्थिति पैदा की है वह सब धोखा है। बैठक में शामिल विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन आज भी मुख्यमंत्री हैं और आगे भी मुख्यमंत्री रहेंगे। एक अन्य विधायक अनुप सिंह ने कहा कि सोरेन अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने कहा, हम हेमंत सोरेन के साथ हैं। वह 25 साल तक सीएम रहेंगे। अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री के करीबियों के खिलाफ हो रही ईडी की छापेमारी के बीच ऐसी चर्चा जोरों पर थी कि सीएम सोरेन इस्तीफा देकर अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को कमान सौंप सकते हैं। इससे पहले आज, ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम



(पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी रांची और राजस्थान के एक परिसर सहित राज्य में कई स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि एजेंसी के अधिकारियों द्वारा झारखंड के मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज जिले के कलेक्टर, पूर्व विधायक पप्पू यादव, एक वास्तुकार, जेल विभाग के कुछ अधिकारियों और एक पुलिस कांस्टेबल के परिसरों की तलाशी ली जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों के साथ केंद्रीय सुरक्षा बलों का एक सशस्त्र एस्कॉर्ट भी गया। इस मामले में प्रसाद से ईडी पहले भी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने कहा कि मामले में ताजा जानकारी मिलने पर यह कार्रवाई की गई।

## लोकसभा चुनाव से पहले नवमतदाता अभियान शुरू करेगा भाजपा युवा मोर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आगामी आम चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जनवरी में मतदाताओं तक पहुंचने के लिए नया अभियान शुरू करने की तैयारी में है। इसमें पार्टी ने देशभर में करीब पांच हजार सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने की योजना बनाई है।

सूत्रों ने बताया कि 2024 के चुनावों को ध्यान में रखते हुए भाजपा युवा मोर्चा जल्द ही बड़े पैमाने पर नया अभियान नवमतदाता शुरू करने के लिए तैयार है। पार्टी जनवरी में एक नया मतदाता आउटरीच कार्यक्रम शउरू करने जा रही है। जिसमें सत्तारूढ़ पार्टी ने देशभर में करीब पांच हजार सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने की योजना बनाई है।

उन्होंने कहा, हर बार जब चुनाव होते हैं तो नए मतदाताओं से जुड़ने के लिए योजना बनाई जाती है। एक करोड़ नए मतदाताओं तक पहुंचने के लिए लक्ष्य के साथ युवा मोर्चा इस बार भाजपा के लिए अधिक से अधिक मतदाता आउटरीच अभियान का नेतृत्व करेगा। अभियान के तहत भाजपा की युवा मोर्चा की टीम 8, 9, 10 और 11 जनवरी को उन सभी स्थानों पर संपर्क तेज करेगी, जहां युवा हैं। इसमें कॉलेज परिसर, कोचिंग सेंटर, स्टेडियम, खेल के मैदान और अन्य क्षेत्र शामिल हैं जहां युवा मौजूद हैं। इसके अलावा, 24 जनवरी को भाजपा का युवा मोर्चा देश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक नया मतदाता सम्मेलन आयोजित करेगा। भाजपा युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों में एक ही विधानसभा में दो सम्मेलन आयोजित करेगा।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण पत्र पर होगा QR कोड

## नहीं जा सकेंगे अनधिकृत लोग, सक्रिय रहेंगे बम निरोधक दस्ते



एजेंसी

**लखनऊ।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आने वाले अतिथियों के अभिनंदन से लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर बुधवार को मंथन किया गया। एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, एसएसपी राजकरण नैय्यर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र, मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव ने व्यवस्थाओं की रूपरेखा तैयार की। समारोह में आठ से 10 हजार अतिथियों के आने की संभावना है। करीब 100 चार्टर्ड प्लेन से अतिथि आएंगे। एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया ने बताया कि समारोह में आने वाले अतिथियों को विशेष परिचय पत्र दिया जाएगा। व्यवस्था बनाने के लिए सभी के आमंत्रण पत्र पर क्यूआर कोड दिया गया है। क्यूआर कोड से कोई अनधिकृत व्यक्ति प्रवेश नहीं कर पाएगा। प्राण प्रतिष्ठा में अतिथि किस रास्ते से आएंगे, कैसे उन्हें रामजन्मभूमि परिसर पहुंचाया जाए, कहां उनकी गाड़ियां पार्किंग हों, मेहमानों को किस तरह से मुख्य कार्यक्रम स्थल पर ले जाएंगे, इसको लेकर मंथन हुआ है। समारोह में पीएम भी मौजूद रहेंगे इसलिए अभेद्य सुरक्षा पर भी चर्चा हुई है।

होटल मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह किसी को बिना आईडी के न ठहराएं इसका प्रतिदिन का ब्यौरा उन्हें उपलब्ध कराएं। दूसरी ओर बैरियरों पर भी सुरक्षा बलों की सक्रियता बढ़ गई है। लता मंगेशकर चौक, उदया चौराहा आदि स्थानों पर चार पहिया वाहनों की तलाशी लेने के बाद ही शहर में प्रवेश दिया जा रहा है। शहर में जाने वाले चार पहिया वाहनों का नंबर भी रजिस्टर में दर्ज किया जा रहा है। सीओ अयोध्या एसपी गौतम ने बताया कि संवेदनशीलता को लेकर महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों व सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### बम निरोधक दस्ते ने महत्वपूर्ण स्थलों पर की स्कैनिंग

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तिथि नजदीक आते ही पुलिस ने विशेष चौकसी बरतना शुरू कर दिया है। बुधवार को बम निरोधक दस्ते ने हनुमानगढ़ी, कनक भवन, श्रीराम जन्मभमि परिसर के आसपास स्थित अन्य मंदिरों और महत्वपूर्ण स्थानों पर चेकिंग की। हनुमानगढ़ी के मुख्य व पीछे के प्रवेश द्वार और परिसर की एक एक जगह को स्कैन किया। एलआईयू और अन्य खुफिया इकाइयां भी शहर के होटल, धर्मशालाओं, होम स्टे व किराये के मकानों में रह रहे लोगों के बारे में जानकारी एकत्र कर रही हैं।

## पाक-अफगान के हश्र से सीखना जरूरी धर्म का राजनीतिकरण खतरनाकः सिद्धारमैया




एजेंसी

**बंगलूरू।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने देश में सेकुलरिज्म को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने धर्म के राजनीतिक इस्तेमाल को लेकर आगाह भी किया है। यतींद्र ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के हश्र से सीखने की बात भी कही।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने दावणगेरे में एक रैली के दौरान कहा, धर्म का राजनीतिकरण बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि भारत को पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों के हश्र से सीखने की जरूरत है।

कांग्रेस नेता और सीएम सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र ने राजनीति में धर्म का धड़ल्ले से हो रहे इस्तेमाल को लेकर आगाह किया। यतींद्र कहा कि अगर देश धर्मनिरपेक्षता को छोड़कर धर्म के पीछे दौड़ना शुरू करेगा तो इसका विकास नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आज धर्मनिरपेक्षता का विचार खतरे में है। हमें ऐसी पार्टियों से सावधान रहना चाहिए जो धर्म का राजनीतिकरण करती हैं।

यतींद्र ने कहा, धर्म के नाम पर तानाशाही ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान को दिवालिया बना दिया है। भाजपा के सहयोगी संगठन भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने क ताक में हैं। यदि ऐसा होने दिया गया तो हमारा देश भी पाकिस्तान और अफगानिस्तान बन जाएगा।

## गोलाघाट हादसे के बाद असम में शोक की लहर

## गांव में नहीं जला एक भी चूल्हा, एक साथ जलीं 11 चिताएं

एजेंसी

**असम।** जब गांव से एक साथ किसी के पिता, किसी का भाई, किसी की मां और किसी नन्हें से फूल सी कलियों की अर्थी उठी, तब हृदयविदारक क्रंदन ने आसमान तक को हिला दिया। ऐसा लगा, आज गम के आंसुओं में बह जाएगा पूरा गांव।

गोलाघाट जिले के डेरगांव में बुधवार को हुए हासदे के बाद पूरे असम में शोक का लहर है। सबसे ज्यादा शोक और दुख में डूबे हैं अठखेलिया भरलुआ गांव के लोग। सुबह जब से गांव के लोगों को खबर मिली है, हर कोई गमजदा है। अश्रुधारा नहीं रूक रही है। जिनके परिजन चले गए, उनको ढांढस बंधाने वालों के खुद आंसू निकल रहे हैं। सुबह से गांव में किसी ने कुछ खाया नहीं है। किसी के घर का चूल्हा नहीं जला। केवल यही गांव ही नहीं, बल्कि आस-पास के गांव के लोग भी शोक में हैं। उनके यहां भी कई परिवारों ने सुबह से अन्न का दाना मुंह में नहीं डाला। अपनों का इंतजार करते-करते साझ ढल गई, अपने तो आए, पर सफेद कपड़ों में लिपट कर आए। विश्वास नहीं हो रहा है, जिस खुशी और उल्लास के साथ मुंह अंधेरे विदा किया था, वे ऐसे आएंगे। शायद इस गांव के किसी ने भी कभी सपने में नहीं सोचा होगा कि एक साथ, एक ही दिन, एक ही बार में अपने ही गांव के अपनों की 11 चिताएं जलानी पड़ेंगी। ऐसा दिन उनको देखना पड़ेगा, कभी सोचा भी नहीं था। और वह वक्त भी आया जब एक ही गांव में ग्यारह चिताओं को मुखाग्नि दी गई। जब गांव से एक साथ किसी के पिता, किसी का भाई, किसी की मां और किसी नन्हें से फूल सी कलियों की अर्थी उठी, तब हृदयविदारक क्रंदन ने आसमान तक को हिला दिया। ऐसा लगा, आज गम के आंसुओं में बह जाएगा पूरा गांव। एक युवा कहते हैं कि किसको दोष दें, सरकार को भगवान को या फिर किस्मत को। किसकी गलती बताएं। सुना है कि सड़क बनने के कारण रास्ते का डायवर्जन किया है। इसी के चलते हादसा हो गया। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए, फिर ऐसा हादसा नहीं हो। यह शायद असम के इतिहास का सबसे बड़ा सड़क हादसा है। हमने तो आज तक इस तरह के हादसे के बारे में नहीं सुना है। यह भी पता चला है कि किसी-किसी परिवार के तीन लोग इस हादसे में मारे गए हैं। किसी परिवार का तो मुखाग्नि देने वाला भी नहीं बचा।



## प्रदेश में हुई बारिश ने बढ़ाई गलन

एजेंसी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के कई इलाकों में बुधवार को बारिश हुई। कहीं कम तो कहीं ज्यादा बारिश होने से अचानक सर्दी बढ़ गई। पहले ही ठंडी हवा और कोहरे के बीच बढ़ती गलन से लोग परेशान थे, अब बारिश देख लोग ठंड बढ़ने का अंदेशा जता रहे। मौसम विभाग का कहना है कि बुंदेलखंड व विंध्य क्षेत्र में बरसात के आसार तो दिखाई दे रहे थे, पर अचानक बने हालात ने लखनऊ समेत आसपास बरसात करा दी। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है साथ ही आगामी सात जनवरी तक कहीं-कहीं बूंदाबांदी व हल्की बारिश के आसार जता रहा है। गुरुवार को प्रदेश भर में कोल्ड डे रहने के आसार हैं। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार दक्षिणी हरियाणा के ऊपर अवस्थित पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिणी उत्तर प्रदेश में आगामी 2-3 दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने तथा बूंदा-बांदी के साथ कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि प्रदेश के मध्यवर्ती तथा उत्तरी भाग में घने कोहरे के साथ कहीं कहीं शीत दिवस होने की संभावना है।

### इन इलाकों में है कोहरे का येलो अलर्ट-

गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुर, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, कासगंज, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास इलाकों में मौसम विभाग ने कुहरा होने की संभावना जताई है।

### यहां चलेगी शीतलहर

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर एवं आसपास इलाकों में शीत दिन होने की संभावना है।

## केरल दौरे पर पीएम मोदी ने इंडी गठबंधन को लिया आड़े हाथ

## आस्था पर प्रहार कर रहे विपक्षी दलः पीएम मोदी

एजेंसी

**केरल।** केरल में रोड शो के बाद त्रिशूर में पीएम मोदी ने भाजपा के महिला सम्मेलन में विपक्ष को आड़े हाथ लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन हमारे आस्था पर चोट कर रहा हैं। केरल सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में लूट का खेल चल रहा है।

केरल के त्रिशूर में पीएम मोदी ने रोड शो के बाद भाजपा के महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस और वाम दलों पर जमकर हमला बोला हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण विधेयक पर देरी की थी, जबकि भाजपा ने कानून लाकर महिलाओं को सशक्त बनाया हैं। पीएम ने इस बात पर जोर दिया कि उन्होंने महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पूरी की है। इंडी गठबंधन पर तीखा हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विपक्षी दल राज्य के विकास और प्रगति को बाधित कर रहा हैं। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए की केरल में जीत होगी। महिला सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी ने भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, अभिनेत्री शोभना, गायिका वैकोम विजयलक्ष्मी और महिला कार्यकर्ताओं के साथ मंच साझा किया। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों से ही देश प्रगति करता हैं। इंडी गठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि विपक्षी दल राज्य के विकास में बाधा डाल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा %इंडी% गठबंधन केवल एक ही बात जानता हैं, वे हमारी आस्था पर लगातार चोट कर रहे हैं। उन्होंने हमारे मंदिरों और त्योहारों को लूट का जरिया बना दिया हैं। त्रिशूर पूरम के साथ जिस तरह की राजनीति की जा रही है, वह दुर्भाग्यपूर्ण हैं। सबरीमाला में मौजूद कुप्रबंधन के कारण भक्तों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं, यह राज्य सरकार की अक्षमता का ही प्रमाण हैं। विपक्ष पर हमला बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों ने नारी शक्ति को कमजोर माना हैं। उन्होंने महिला आरक्षण को लंबे समय तक रोक कर रखा था। लेकिन मोदी ने आपको आपका हक दिलाने की गारंटी दी थी, जिसे पूरा कर लिया हैं। जब देश में कांग्रेस और वाम दल का गठबंधन था, उस समय मुस्लिम बहनें तीन तलाक के कारण परेशान थीं। लेकिन मोदी ने इससे आजादी दिलाने की गारंटी दी और उसे ईमानदारी से पूरा किया है। केरल में महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश में बड़ी-बड़ी सड़कें बन रही हैं। देश में आधुनिक हवाई अड्डे बन रहे हैं, लेकिन इंडी गठबंधन की सरकार यहां कोई काम नहीं होने देती, क्योंकि वे मोदी का विरोध करते हैं।




# नए हिट एंड रन कानून पर नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष्य ने जताई चिंता ड्राइवरों के भय का कारण इस देश की भीड़ तन्त्र

## भारतीय न्याय संहिता कानून का हाल कहीं कृषि कानून जैसा ही न हो जाए : चंद्रभूषण पांडेय

**चिंता**

**नया हिट एंड रन कानून कहीं अंग्रेजों द्वारा बनाये गये कानून से ज्यादा ज़ालिम न सिद्ध जाये : चंद्रभूषण पांडेय**



**द अचीवर टाइम्स/प्रभात तिवारी**

**लखनऊ।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए हिट एंड रन कानून पर देशभर में बवाल मचा हुआ है, ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के चलते लोगों में हाहाकार मचा हुआ है। कहीं पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें दिखीं तो कहीं पब्लिक ट्रांसपोर्ट बाधित होने के चलते लोग सड़कों पर लिफ्ट मांगते दिखाई दिए। बता दें कि भारतीय न्याय संहिता की धारा 104 में हिट एंड रन का जिक्र किया गया है, जिसमें ड्राइवर की लापरवाही से पीड़ित की मौत होने पर 10 साल की सजा और 7 लाख रुपए तक का जुर्माने का प्रावधान है। नए हिट एंड रन कानून को लेकर ड्राइवरों में व्याप्त आक्रोश को देखते हुए कांग्रेस की साथी नैतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रभूषण पांडेय ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता को लागू करने के पहले व्यापक चर्चा की जरूरत है, अन्यथा यह कानून अंग्रेजों द्वारा बनाये गये कानून से ज्यादा ज़ालिम सिद्ध हो सकता है। भारतीय न्याय संहिता कानून का हाल कहीं कृषि कानून जैसा ही न हो जाय? ड्राइवरों के भय का कारण इस देश भीड़ तन्त्र है। अक्सर देखा गया है दुर्घटना के समय लोग दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को बचाने की फ़िक्र न कर ड्राइवर को मारने व गाड़ी का तोड़फोड़ करने लगते हैं। जिसके कारण ड्राइवर भाग जाते हैं इसलिए कानून भीडतंत्र की मानसिकता को समझ कर होना चाहिए। आगे चंद्रभूषण पांडेय ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि आज ड्राइवरों का विरोध है, कल किसी और का हो सकता है? तो वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गाँधी ने कहा कि ड्राइवर्स हमारी अर्थव्यवस्था और प्रगति के पहिये हैं। वे बेहद कम पैसे पर, तरह-तरह की मुश्किलें झेलते हुए कठिन जीवनशैली के साथ काम करते हैं। कानून और सिस्टम को इनके प्रति मानवीय होना चाहिए। हर जान कीमती है। हर एक की रक्षा सरकार का कर्तव्य है। कानून का उद्देश्य जनसामान्य के जीवन को आसान, सुरक्षित और न्याय देना है न कि लाखों लोगों को अत्याचार, वसूली, कैद व आर्थिक दिवालियेपन की ओर धकेलना। बिना राय-मशविरा, बिना विपक्ष को शामिल किए, एकतरफा तुगलकी कानून बनाने का काम बंद होना चाहिए।

# बड़वारा पुलिस द्वारा चाकू से मारकर हत्या करने वाले आरोपियों को किया गिरफ्तार

**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी के ग्राम कांटी में एक युवक को आरोपियों द्वारा चाकू मारने से घायल होने की सूचना पुलिस को मिली सूचना मिलते ही तत्काल थाना प्रभारी सहित हमराह स्टाफ घटना स्थल के लिए रवाना होकर ग्राम कांटी पहुंचे सूचना तस्दीक किया जो पता चला की राजेंद्र राठौर पिता जगपति सिंह राठौर उम्र 23 साल निवासी ग्राम पड़वई जो ग्राम कांटी में रामलीला मंचन कर रहे थे तभी कुछ लडको द्वारा चाकू मार दिया गया जिसे परिजनों द्वारा इलाज हेतु जिला शासकीय अस्पताल कटनी ले जाया जहां डॉक्टरों ने राजेंद्र राठौड़ को मृतक घोषित कर दिया, जगपति सिंह राठौर पिता स्व. दुपकाई सिंह राठौर उम्र 50 वर्ष निवासी पड़वई की रिपोर्ट पर देहाती नालसी अप. क्र. 0/24 धारा 302,34 ताहि विरुद्ध कमलेश चौधरी, रज्जन चौधरी, सचिन चौधरी तीनों निवासी कांटी लेख कर विधिक कार्यवाही की गई थाने आने पर उपरोक्त अपराधियों के विरुद्ध पुलिस ने असल नंबरी अपराध क्र. 03/24 धारा 302,34 ताहि का पंचीबद्ध कर विवेचना में लिया है, कायमी सूचना से वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराया गया है। कटनी पुलिस अधिक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केड़िया के मार्गदर्शन में हत्या के आरोपियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया जो दो टीम थाना प्रभारी अनिल यादव एवं उनि लेख सिंह परिहार के बनाकर आरोपियों की तलाश पतासाजी के दिशानिर्देश प्राप्त हुए।

**पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही**

विवेचना घटना स्थल के सीसीटीवी चेक कर साक्ष्य एकत्रिक किए गए एवं विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की आरोपीगण जुहला बायपास में कही छुपे बैठे है की सूचना पर तत्काल हमराह स्टाफ के जुहला बायपास पहुंचकर मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचे जो वहां पर तीनों युवक खड़े दिखे जैसे ही पुलिस को देखा तो भागने की कोशिश कि जिन्हे घेराबंदी कर पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने में सफलता प्राप्त कर ली और प्रथक प्रथक नाम पता पूछने पर कमलेश चौधरी पिता बुद्धुलाल चौधरी, चीप कुमार उर्फ रज्जन चौधरी पिता बराती चौधरी सचिन चौधरी पिता जगतधारी चौधरी तीनों निवासी कांटी चौधरी मोहल्ला का होना बताया जो तीनों में से कमलेश चौधरी अपचारी बालक एवं दो आरोपी है जिन्हे हमराह लेकर थाना आए जिनसे घटना के संबंध में पूछताछ करने पर बताए की राजेंद्र राठौर एवं अपचारी बालक का वाद विवाद दिनांक 27/12/23 को हुआ था जो अपचारी बालक अपने दोस्त रज्जन चौधरी एवम सचिन चौधरी साथ नए वर्ष में राजेंद्र राठौर को जान से मारने का प्लान बनाया एवम घटना दिनांक को अपचारी बालक अपने घर से चाकू लेकर अपने दोस्त रज्जन चौधरी व सचिन चौधरी के साथ रामलीला देखने गया एवं रामलीला मंच से राजेंद्र राठौर को बुलाकर अपचारी बालक उससे वाद विवाद करने लगा एवं अपचारी बालक के कहने पर उसके दोस्त रज्जन चौधरी व सचिन चौधरी, राजेंद्र राठौर को पकड़ लिए जब राजेंद्र राठौर चिल्लाया तो उसके पिता जगपति राठौर उसे बचाने के लिए दौड़े तभी अपचारी बालक अपनी जेब में रखे चाकू को निकल कर जान से मारने की नियत से चाकू राजेंद्र राठौर के सीने में मार दिया घटना में प्रयुक्त आलाजरर चाकू अपचारी बालक के कब्जे से बरामद की गई उक्त दो आरोपी को गिरफ्तार एवं अपचारी बालक को अभिरक्षा में लिया गया जो, जे. आर. पर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है।

विशेष भूमिका आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी अनिल यादव ,उनि लेख सिंह परिहार सउनि सतेंद्र सिंह सउनि विक्रम सिंह प्र. आर. 353 लालजी यादव प्र.आर. 174 नितिन जयसवाल प्र.आर. 368 नरेंद्र मिश्रा प्र.आर. 786 केके शुक्ला प्र.आर. 294 पवन राज आर. 568 संतोष यादव आर. 720 आशीष तिवारी थाना कुठला से आर. 422 अभय यादव की विशेष भूमिका रही

# एक नज़र

## गुमशुदा माया देवी की तलाश,थाना में दी तहरीर



**हापुड़।** मोदीनगर रोड के आदर्श नगर कॉलोनी निवासी सत्येंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय प्रकाश चंद्र ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि मेरी मां माया देवी पत्नी स्वर्गीय प्रकाश चंद (पुष्पेंद्र कुमार पत्रकार की ताई) जो 31 दिसंबर 2023 की शाम को समय करीब 4ः00 बजे घर से कहीं चली गयी थी जो अब तक घर वापस नहीं आई है जिसकी काफी तलाश करने पर कोई जानकारी नहीं मिली है। जिनकी उम्र करीब 70 वर्ष है जिनके आंख, नाक, कान औसत रंग गेहुआ तथा कद काठी करीब 5 फुट 2 इंच और गोल चेहरा है जो सफेद पीली साड़ी में सफेद रंग की कमीज पहने हुए थी। अगर किसी भी व्यक्ति को यह दिखाई देती हैं कृपया दिए गए नंबर 7310845230,(सत्येंद्र कुमार) 7983883056,(पुष्पेंद्र कुमार पत्रकार) पर सूचित करें।

## नियमित कामकाज शुरू होने से व्यवस्थाएं सामान्य जनजीवन हुआ सामान्य

### पेट्रोल-डीजल, सब्जी सहित अन्य आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध



**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय मध्य प्रदेश, कटनी।** ड्राइवर महासंघ द्वारा हड़ताल वापस लिए जाने के बाद जिले में डीजल पेट्रोल और रसोई गैस की नियमित आपूर्ति बहाल हो गई है। इसके साथ ही कृषि उपज मंडी में भी व्यापारियों और किसानों द्वारा नियमित कामकाज शुरू कर दिया गया है। रोजमर्रा की जिंदगी के लिए जरूरी कामकाज और व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से पुनः संचालित हो रहा है। जिले में ट्रक, बस एवं अन्य सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन की सुविधा बहाल हो जाने से जनजीवन सामान्य हो गया है। कटनी जिले में पेट्रोल, डीजल, दूध, सब्जी एवं फल आदि का स्टॉक पर्याप्त है, इनके आवागमन में भी किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। थोड़ी बहुत जो समस्याएं थीं, उनका समाधान कर लिया गया है। जो टैंकर मुख्य रूप से शहपुरा डिपो और मनेरी डिपो से आते हैं, उनके साथ में भी पुलिस सहयोग कर रही है, टैंकर्स लगातार आ रहे हैं। ड्राइवरों की हड़ताल समाप्त होने के बाद यात्री बसों एवं ऑटो आदि वाहन शुरू हो जाने से यात्रियों को भी आने जाने में असुविधा का सामना नही करना पड़ रहा है। यात्री सुगमता से एक स्थान से दूसरे स्थान आ जा रहे है। विदित हो को विगत दिवस बस और ट्रक ड्राइवर की हड़ताल की खबर प्राप्त होने पर कटनी जिला कलेक्टर अवि प्रसाद एवं पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा किए गए प्रयासों के फलस्वरूप जिले में सभी जगह व्यवस्थाएं सामान्य हो गई हैं।

## कर्ज के बोझ से परेशान होकर यूवक ने खुद को मारी गोली

**लखनऊ । दुबग्गा ।** क्षेत्र मे सुनील कुमार (45) ने खुद को गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । सुबह करीब 8 बजे पुलिस को जब व्यक्ति के आत्महत्या की सूचना मिली तो पुलिस ने आनन फानन मे मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । वही जब आलाधिकारियों को घटना की जानकारी मिली तो एसीपी ,एडीसीपी , डीसीपी , भी मौके पर पहुच गए और जांच करने लगे । वही मौके से पुलिस को 15 बोर के तमंचा के साथ एक जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ है । बता दे कि मूल रूप से ठाकुरगंज के रहने वाले सुनील कुमार ने बीती रात खुद को गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली । वर्तमान मे मृतक सुनील कुमार डूडा कालोनी के असरहीन कालोनी मे रहकर पहले ब्याज पर पैसा देकर अपनी जीविका चलाता था फिलहाल वो दिल्ली से जाकेट लाकर यहा हाकरो को बेचने का काम करता था । मृतक सुनील कुमार अपने पिता जगदंबा पत्नी गुड़िया , बड़े भाई छन्नू व दोस्त राकेश के साथ रहता था । मृतक सुनील कुमार के परिवार मे पत्नी गुड़िया , बेटा हिमांशु , अभय , करण और बेटी संध्या व मानसी है ।

## पारा थाना क्षेत्र में फांसी के फंदे से अनजान व्यक्ति का लटका मिला शव

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया, लखनऊ।** लखनऊ के पारा थाना क्षेत्र के सरोसा गांव के अंतर्गत आगरा एक्सप्रेस वे के ऊपर नहर के पास सटी जाली में एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला।ग्रामीणों ने व्यक्ति को फांसी के फंदे पर लटकता देखा तो स्थानीय पुलिस को सूचना दी।इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतारकर शिनाख्त करवाने का प्रयास किया लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजने के साथ ही जांच पड़ताल शुरू कर दी है । पारा इंस्पेक्टर बृजेश कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति का शव मोफलर के सहारे एक्सप्रेस वे की जाली से लटक रहा है । इस सूचना पर वह टीम के साथ मौके पर पहुंच शव को उतार कर उसकी तलाशी लेने पर उसके जेब से ऐसा कुछ नही मिल सका जिससे की पहचान हो सकी। आस पास शिनाख्त करवाने का प्रयास किया जा रहा ।

# जबलपुर संस्कारधनी में रिश्तो को शर्मसार करने वाला मामला आया सामने

## बेटे ने शराब के नशे में मां के साथ किया दुष्कर्म



**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश, जबलपुर।** जबलपुर के गौरीघाट थाना क्षेत्र में रिश्तो को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है जहां 59 वर्षीय बुजुर्ग महिला के साथ उसके ही बेटे ने शराब के नशे में मारपीट करते हुए दुष्कर्म किया है जहां पीड़ित मां के द्वारा पूरे मामले की शिकायत थाने में पहुंचकर की गई इसके बाद पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है और मामले में जानकारी देते हुए, सी.एस.पी, उदय भान सिंह ने बताया कि ग्वारीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली 59 वर्षीय महिला थाने पहुंची थी जहां महिला के द्वारा शिकायत दी गई कि उसके 25 वर्षीय बेटे के द्वारा उसके साथ मारपीट करते हुए दुष्कर्म किया गया है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# पन्ना विधायक एवं पूर्व खनिज मंत्री ब्रजेंद्र प्रताप सिंह का प्रथम नगर आगमन पर बल्देव मंदिर मे पत्रकार एकता मंच कार्यालय में हुआ जोरदार स्वागत

**द, अचीवर टाइम्स/ पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश, पन्ना।** पन्ना विधानसभा के जानेमाने लोकप्रिय विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह जो विकास पुरुष के नाम से जाने और पहचाने जाते है। इन्होंने अपने ढाई साल के कार्यकाल मे अपनी विधानसभा मे जो विकास के काम कराये है । वे आजादी के बाद से नही हुऐ । इन ढाई साल मे 150 से अधिक विकास के कार्य हुऐ है । कृषि महाविद्यालय, भगवान जुगल किशोर लोक, पवित्र शहर, रिंगरोड, 4 से अधिक डैम निर्माण, सैकड़ों सड़क निर्माण, पन्ना पहाड़ीखेरा सड़क डबल लाईन, सहित धरमसागर तालाब के बीच मे महराजा छत्रसाल कि मूर्ति स्थापित करना, कुंजवन वाड़ मे खोरा डैम निर्माण जैसे काम कराये वही जुगल किशोर इन्डोर स्टेडियम निर्माण कार्य प्रगति पर है । भाजपा की नई सरकार मे मंत्री नहीं बनाया गया जिससे जिले कि जनता और पत्रकारों मे सरकार के प्रति रोश ब्याप्त है। वी.ओ.ने बताया कि पन्ना पहुंचे पूर्व खनिज मंत्री एंव मौजूदा विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह का पत्रकारों ने जोरदार स्वागत किया । इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष, श्रीमती मीना पाण्डेय, एंव विधायक प्रतीनिधी विष्णु पाण्डेय सहित सैकड़ों की संख्या में पत्रकार मौजूद रहे ।



विधायक ब्रजेंद्र प्रताप सिंह का तिलक लगाकर फूलमाला पैहना कर मिष्ठान खिला कर स्वागत किया। वही जिले की पत्रकारों द्वारा प्रकाशित खबरों के माध्यम से जो विषय जनप्रतिनिधियों के संज्ञान पर ले जाते हैं उन पर मिलकर सभी समन्वय बनाकर हल करने की बात पत्रकारों ने की वहीं पूर्व में भी बनी पत्रकार की हाउसिंग समिति को फिर से प्रक्रिया शुरू करने पत्रकारों की कॉलोनी और पत्रकार भवन की भी बात रखी पत्रकार साथियों ने जिले एवं विधानसभा के विकास के लिए पत्रकारों की लेखनी के माध्यम से जहां आवश्यकता होगी वह सभी पत्रकार साथी विधायक के साथ प्रतिनिधियों से मिलकर अपनी पूरी भूमिका सकारात्मक योगदान देंगे। पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह जो विकास पुरुष के नाम से पूरे जिले में जाने जाते हैं उन्होंने कहा आज नव वर्ष की शुरुआत में पत्रकार एकता मंच के कार्यालय में पहुंचकर सभी पत्रकार साथियों से रूबरू होने का मौका मिला है आप सभी के द्वारा जो भी विषय संज्ञान में लाये जाएंगे उन सभी मुद्दों को मैं जरूर गंभीरता से संज्ञान लूंगा पत्रकारों के हितार्थ में आप सभी ने जो बताया है मैं गंभीरता से लूंगा । पन्ना सबसे पिछड़ा जिला है। चुनाव तो आते जाते रहते हैं लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं आप लोगों के साथ मिलकर मैं जिले के जो विकास कार्य शुरू किये है उसको रुकने नहीं दूंगा। आपके द्वारा जो प्रेम और आत्मीय स्वागत किया है इसके लिए मैं आभारी हूं 1 घंटे चली परिर्चचा में सभी 100 से अधिक पत्रकारों से पन्ना विधायक बारी बारी कर मिले और सबके हाल जाने । यह जरूर अस्वस्थ किया कि पन्ना विधानसभा में विकास का पहिया रुकने नहीं दूंगा।

# वन विभाग के फ्रन्टलाइन स्टाफ को रेस्क्यू किट का वितरण

**द अचीवर टाइम्स, निखिल मिश्रा**



**लखनऊ।** अवध वन प्रभाग, लखनऊ के कुकरैल रेंज अंतर्गत मौलश्री प्रेक्षागृह में दिनांक बुधवार को प्रातः 11:00 बजे वन विभाग के फ्रन्टलाइन स्टाफ को रेस्क्यू किट का वितरण अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक / मुख्य वन संरक्षक,लखनऊ मण्डल की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में समस्त वन कार्मिकों को वन्य जीवों को सुरक्षित रेस्क्यू किये जाने हेतु प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। रेस्क्यू किट के अंतर्गत कुल 122 कार्मिकों को जैकेट, टार्च, कैमरा ट्रैप, स्नैक कैचिंग स्टिक आदि का वितरण किया गया। वन संरक्षक/प्रभागीय वनाधिकारी, अवध वन प्रभाग, लखनऊ डा0 रवि कुमार सिंह द्वारा रेंज कार्मिकों को सुरक्षित तरीके से वन्य जीवों को रेस्क्यू करने व प्राकृतवास में अवमुक्त किये जाने के संबंध में प्रकाश में डाला गया। इस कार्यक्रम में भारतीय वन सेवा 2021 बैच के अधिकारी क्रमशः शिवशंकर, तपस, जयन्त, सुश्री, स्वाति व सुश्री वन्दना सहित उप प्रभागीय वनाधिकारी, लखनऊ हरी लाल व उप प्रभागीय वनाधिकारी, मोहनलालगंज चन्दन चौधरी तथा अवध वन प्रभाग, लखनऊ के समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी, उपस्थित रहे।

## लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम के लिए स्थानीय परिवाद समिति का हुआ गठन

**हापुड़।** किसी भी कार्य स्थल पर कार्य करने वाली महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न (निवारण,प्रतिषेध व प्रतितोष) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के अनुमोदन उपरान्त स्थानीय परिवाद समिति का गठन किया गया हैं। जिसमें सरिता गुप्ता को अध्यक्ष बनाया गया है और सीमा सिंह तहसील गढ़मुक्तेश्वर सदस्य, डॉक्टर स्वाति गर्ग, पिंकी त्यागी व जिला प्रोबेशन अधिकारी सदस्य रहेंगे। यह जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी हापुड़ ईला प्रकाश द्वारा दी गयी हैं। यह समिति कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम (निषेध व निवारण) से सम्बन्धित अधिनियम 2013 की धारा 6 व 7 के अन्तर्गत कार्य करेंगी तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों का 90 दिवस के अन्तराल में निस्तारण भी करेंगी।

## नवनिर्मित पुलिस चौकी का पुलिस उपायुक्त पश्चिमी राहुल राज ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**द अचीवर टाइम्स, निखिल मिश्रा**

**माल।** राजधानी लखनऊ का प्रत्येक नागरिक अपने आप को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे इसका पुलिस पूरे मन और लगन से भरसक प्रयास कर रही है। आगे आने वाले समय में शांति और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिये आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं । इस कड़ी में माल थाने की पहली पुलिस चौकी इंटौंजा रोड के सैदापुर चौराहे पर स्थापित की जा रही है । यह बातें पुलिस चौकी के उदघाटन मौके पर पुलिस उपायुक्त पश्चिमी राहुल राज ने कहीं । अपराध नियंत्रण के साथ त्वरित सहायता के उद्देश्य से पुलिस चौकी के निर्माण को उन्होंने मील का पत्थर बताया । उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुये उन्होंने कहा पुलिस मित्रवत आम लोगों की सेवा में समर्पित है । किसी प्रकार की बड़ी घटना न घटित हो इसके लिये जनप्रतिनिधियों के भी सहयोग मांगा । जाड़े की सर्द रातों में चोरी की घटनाएं न होने पायें इसके लिये पुलिस की चौकस रात्रि गश्त और गांवों में बनी पहरा टोलियों को भी एक्टिव किया गया है । इस मौके पर एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम ,प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुये सहयोग की अपील की ।

# 15 जनवरी तक थानों की सीमाओं का करें निर्धारण- मुख्यमन्त्री डॉ. यादव

**❖ राष्ट्रीय पर्वों पर शासकीय बैंड आएंगे अस्तित्व मेंजिलों में ओपन जेल बनाई जाय, अच्छे आचरण वाले कैदियों का मानवीय पक्ष देखें मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा में प्रभावी और आदतन अपराधियों पर शिकंजा कसने के दिये निर्देश**



**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर संभाग की कानून व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिलों में पुलिस थानों की सीमाओं का निर्धारण 15 जनवरी तक पूरा कर लिया जाए। इसके लिए एसडीएम स्तर पर सभी जनप्रतिनिधियों की बैठक में विचार-विमर्श कर थानों की सीमाओं के प्रारंभिक निर्धारण के बाद दावे-आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा। इस प्रकार 15 जनवरी तक सीमा निर्धारण संबंधी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर में संभागस्तरीय कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कहा कि प्रभावी और आदतन गुंडे और बदमाशों पर सख्त कार्रवाई की जाये। उन पर शिकंजा कसा जाना ज्यादा आवश्यक है। जिससे निचले स्तर तक यह संदेश पहुंचे कि प्रशासन द्वारा आपराधिक कृत्यों में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदतन अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। कानून व नियम का उद्देश्य भी यही है। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि खुले में मांस मछली के विक्रय पर सख्ती से प्रतिबंध लगायें। खुले में इसका व्यवसाय नही हो, इसके विक्रेताओं को जब तक पक्का निर्माण नहीं हो जाता तब तक अभी फिलहाल शेड युक्त मार्केट बना कर दिया जाय और समुचित स्थान उपलब्ध कराए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जेलों में सजा पूरी कर लेने वाले बंदियों के मानवीय पहलुओं पर विचार करते हुए जिला जेल और पुलिस बल मिलकर योजना बनायें। उन्होंने जिलों में ओपन जेल बनाने की दिशा में काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जिले में पुलिस का बैंड होना चाहिए। जिससे राष्ट्रीय पर्वों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शासकीय बैंड का उपयोग हो इसके लिए जिन जिलों में बैंड दल नहीं है, वहां एसएएफ की कंपनियों और पुलिस बल में नई भर्ती के जवानो को प्रशिक्षण देकर पुलिस बैंड दल बनाया जाए। इसके अलावा पुलिस द्वारा पूर्व में जिलों में प्रारंभ हुई लर्निंग कक्षाओं के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिये कि इस तरह सेवा और साख बढ़ाने का बेहतर काम करने वालों को सम्मानित और पुरस्कृत किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग में हाल ही में हुई पदोन्नतियों के संबंध में कहा कि पदोन्नति पाने से छूट गये पात्र और योग्य प्रमोटी पुलिस कर्मियों की भी पदोन्नति की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्धारित आवाज की सीमा के भीतर ही लाउडस्पीकर चलें। उन्होंने डीजे सहित अधिक आवाज करने वाले यंत्रों पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये। इसके अलावा कलेक्टर, एसपी स्थायी और अस्थायी लाऊड स्पीकर के मामलें को गंभीरता से लें। अस्थायी तौर पर विभिन्न आयोजनों के लिए अनुमति का प्रावधान है। कलेक्टर्स इस पर विशेष निगरानी रखें।

2773 स्थानों से स्पीकर हटाये, 218 की जमानत निरस्त

इसके पहले कानून व्यवस्था के सम्बंध में जबलपुर और बालाघाट रेंज की कार्रवाई के संबंध में बताया गया कि जबलपुर और बालाघाट रेंज को मिलाकर कुल 218 की जमानत निरस्त की गई है। साथ ही 2773 स्पीकर हटाये गए है। इस मसले पर सीएम डॉ. यादव ने निर्धारित आवाजों में स्पीकर संचालन और अधिक आवाज वाले यंत्रों पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिये। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल,लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, केन्द्रीय इस्पात खजुराहो सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी डी शर्मा, संभाग के सभी जिलों के सांसद व विधायकगण, महापौर, सहित मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, जबलपुर संभाग के प्रभारी अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार और ए डी जी पी चंचल शेखर , मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह, आयुक्त जनसंपर्क संदीप यादव संभागायुक्त अभय वर्मा ए. डी. जी. पी. उमेश जोगा, आर. पी. बालाघाट संजय कुमार और सभी संभाग के जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उपस्थित थे।

# एक्स पर युवक ने लिखा मस्जिद छीनी गयी तो अंजाम भुगतने को तैयार रहना, झांसी से हुई गिरफ्तारी

संवाददाता




**लखनऊ।** उसने बताया कि वह मुस्लिमों पर हो रहे अत्याचार से आहत है। वह इन भड़काऊ स्क्रीनशॉट्स को अपने एक्स हैंडल पर दोबारा पोस्ट करता है ताकि इनका प्रचार मुस्लिमों के बीच हो सके। अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व बाबरी मस्जिद को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले झांसी निवासी जिबरान मकरानी को यूपी एटीएस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपने एक्स हैंडल पर लिखा था, हम एक भी मस्जिद नहीं छोड़ेंगे, अगर हमसे जबरदस्ती मस्जिद छीनी गयी तो अंजाम भुगतन को तैयार रहना, बाबरी मस्जिद भी हमारी है और हमारी रहेगी। डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर यूपी एटीएस द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पैनी नजर रखी जा रही है। साइबर पेट्रोलिंग के दौरान सामने आया कि एक्स हैंडल पर यूजर जिबरान मकरानी द्वारा विद्वेषपूर्ण व भड़काऊ पोस्ट की गयी है। जांच में सामने आया कि यह पोस्ट सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने, धार्मिक वैमनस्य व उन्माद फैलाने के उद्देश्य से की गयी है। एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल के निर्देश पर टीम ने जब इसकी पड़ताल की तो पता चला कि भड़काऊ पोस्ट करने वाले हैंडल को झांसी निवासी जिबरान मकरानी संचालित करता है। जिसके बाद उसे पूछताछ के लिए एटीएस की झांसी यूनिट में बुलाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने बाबरी मस्जिद का बदला लेने के उद्देश्य से यह पोस्ट किया था ताकि मुसलमान भाई राम मंदिर को नेस्तनाबूद कर दें, जैसे हमारे बुजुर्गों ने किया था। बाद में पुलिस से बचने के लिए उसने पोस्ट को डिलीट कर दिया था। जब एटीएस ने उसके मोबाइल को खंगाला तो उसमें पोस्ट के स्क्रीनशॉट्स, जैसे बाबरी मस्जिद के विध्वंस, इजराइल पर हुए हमास के आतंकी हमले का समर्थन करने वाले और पीएफआई के समर्थन में किए गये पोस्ट मिले। इस संबंध में उसने बताया कि वह मुस्लिमों पर हो रहे अत्याचार से आहत है। वह इन भड़काऊ स्क्रीनशॉट्स को अपने एक्स हैंडल पर दोबारा पोस्ट करता है ताकि इनका प्रचार मुस्लिमों के बीच हो सके। एटीएस ने उसके खिलाफ झांसी के कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि मुकरयाना निवासी 24 वर्षीय जिबरान ने झांसी की बिसाती बाजार मस्जिद से हाफिज कोर्स किया है।


**हर सोशल मीडिया पोस्ट की गहन निगरानी**

डीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दृष्टिगत प्रदेश पुलिस की साइबर सेल हर सोशल मीडिया पोस्ट पर पैनी नजर रख रही है। जिलों के अलावा यूपी एटीएस, एसटीएफ और डीजीपी मुख्यालय की साइबर क्राइम सेल में भी विशेष टीमों को गठित किया गया है, जो लगातार अराजक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश से जुड़ी पोस्ट पर नजर रखते हुए कार्रवाई कर रही है। ऐसी कोई भी पोस्ट सामने आने पर संबंधित जिलों को तत्काल सूचना दी जाती है, ताकि तत्काल आरोपी को दबोचा जा सके। बीते एक माह के दौरान कई लोगों को सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने के आरोप में पकड़ा जा चुका है।

# राम संग उनके गुरु का भी होगा वास

## परिसर में होंगे वशिष्ठ, वाल्मीकि और विश्वामित्र-अगस्त्य के मंदिर

संवाददाता



**लखनऊ।** आम व्यक्ति ही नहीं भगवान भी गुरु के प्रति समर्पित रहे। भगवान राम के जीवन में जिन चार गुरुओं का अहम प्रभाव रहा, उनका मंदिर राम जन्मभूमि परिसर में बनाए जाने की योजना है। भगवान राम के साथ उनके गुरूजन भी रहेंगे। राम मंदिर परिसर में उन गुरुओं के भी मंदिर बनाए जा रहे हैं। राम जन्मभूमि परिसर में रामायण कालीन ऋषि-महर्षि भी विराजमान होंगे और रामलला पर कृपा बरसाते नजर आएंगे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से राम जन्मभूमि में ऐसे ऋषि-महर्षियों का मंदिर बनाने की तैयारी है, जिनका भगवान श्रीराम के जीवन पर प्रभाव रहा है। परिसर में महर्षि वशिष्ठ, वाल्मीकि, विश्वामित्र व अगस्त्य के भी मंदिर बनेंगे। भगवान राम जन-जन के हैं, सबके अपने-अपने राम हैं, इसकी झलक भी राम जन्मभूमि परिसर में भक्तों को दिखेगी। राम जन्मभूमि परिसर में रामायण काल के ऋषि-मुनियों के भी मंदिर प्रस्तावित हैं,जिनका निर्माण कार्य मंदिर के उद्घाटन के बाद शुरू हो जाएगा। इन सभी ऋषियों का राम के जीवन पर गहरा प्रभाव रहा। ऋषि वाल्मीकि ने राम की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया था। वाल्मीकि के मंदिर के जरिए श्रीराम के समरसता का संदेश देने की भी कोशिश है। इससे पहले 30 दिसंबर को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नाम भी बदलकर महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट कर दिया गया है। यही नहीं रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पूजित अक्षत वितरण अभियान का शुभारंभ भी वाल्मीकि बस्ती से ही किया गया था। वहीं भगवान राम के कुल गुरु वशिष्ठ के काल में जितनी महत्वपूर्ण घटनाएं हुई वे रामराज्य में सहायक बनीं। एक तरह से वे रामराज्य रूपी महल के संबल थे। राम के रूप में ईश्वर प्रगट हुए, इसका एक कारण वशिष्ठ भी थे, क्योंकि उन्होंने ही पुत्रेष्टि यज्ञ कराया था। इसी तरह महर्षि विश्वामित्र का भी श्रीराम के जीवन में गहरा प्रभाव रहा। उन्होंने भगवान श्रीराम को धनुर्विद्या और शास्त्र विद्या का ज्ञान दिया था। भगवान राम को परम योद्धा बनाने के पीछे विश्वामित्र ही थे। जबकि वनवास काल के दौरान महर्षि अगस्त्य ने श्रीराम का मार्गदर्शन किया था, उनकी कृपा श्रीराम को मिली थी।

**सभी गुरुओं का रहा है प्रभाव**

आम व्यक्ति ही नहीं भगवान भी गुरु के प्रति समर्पित रहे। भगवान राम के जीवन में जिन चार गुरुओं का अहम प्रभाव रहा, उनका मंदिर राम जन्मभूमि परिसर में बनाए जाने की योजना है। इन गुरुओं के मार्गदर्शन में ही श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम बन पाए थे।- डॉ अनिल मिश्र, सदस्य, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट।

# एक नज़र

## लोकसभा चुनाव से पहले सीएम योगी का मास्टर प्लान



**लखनऊ।** सीएम योगी ने लखनऊ मेट्रो का विस्तार करने को लेकर आदेश दे दिया है। सीएम ने चारबाग से चौक होते हुए वसंतकुंज तक मेट्रो विस्तार करने का निर्णय लिया है। साथ ही वर्तमान संचालित मेट्रो को ढ्ढढ्ढरूऔर क्क्लढ्ढ तक जोड़ने की बात कही है। बताते चले कि दूसरे फेज के विस्तार का डीपीआर मेट्रो विभाग साल 2022 में ही सबमिट कर चुका है। लोकसभा चुनाव 2024 में भले ही अभी कुछ महीनों का समय है, लेकिन राजनीतिक दल अपनी-अपनी जमीन तैयार करने में जुट गए हैं। लोकसभा सीटों के लिहाज से यूपी सबसे अहम राज्य है। इसको लेकर सभी दल विशेष रणनीति तैयार कर रहे हैं। बीजेपी ने इसबार क्लीनस्वीप करने का दावा ठोका है। इस लक्ष्य को हासिल करने में पार्टी से लेकर सरकार भी जुट गई है। इसकी बानगी प्रदेश सरकार द्वारा लिए जा रहे निर्णयों में भी दिखाई दे रहा है। पहले पुलिस विभाग में बंपर भर्ती के नोटिफिकेशन जारी किए। अब लखनऊ की लाइफलाइन बन चुकी लखनऊ मेट्रो के विस्तार के निर्देश दे दिए गए हैं। मेट्रो के अधिकारियों की माने तो चारबाग से वसंतकुंज मेट्रो विस्तार का डीपीआर सालभर पहले ही सबमिट किया जा चुका है। सीएम योगी ने निर्देश पर संसोधन के साथ फिर से सबमिट किया जा सकता है। दरअसल राजधानी लखनऊ में मेट्रो का विस्तार समय की मांग बन चुका है। कुछ जगहों पर ही मेट्रो सेवा उपलब्ध होने के कारण एक बड़ी आबादी को मेट्रो शुरू ना होने से बड़ी दिक्कतों का सामना लंबे समय से करना पड़ रहा है। उधर लखनऊ में भीषण जाम एक बड़ी समस्या बन चुकी है। लाख दावों के बाद भी राजधानी की सड़कों पर जाम से छुटकारा नहीं मिल रहा है।

यही वजह है कि लोग ओला-उबर, टैंपो, टैक्सी, ई-रिक्शा की बजाए मेट्रो से चलना ज्यादा ठीक समझ रहे हैं। इसी क्रम में लखनऊ की आवश्यकता को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ मेट्रो के विस्तार के निर्देश भी दे दिए हैं। सीएम योगी ने महत्वपूर्ण बैठक में लखनऊ में चारबाग से चौक होते हुए वसंतकुंज तक मेट्रो के नए चरण के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश दे दिए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह फेज एक बड़ी आबादी की अत्याधुनिक नगरीय परिवहन की सुविधा से जोड़ने वाला होगा।

इसके लिए सीएम योगी ने अंडरग्राउंड और एलिवेटेड की उपयुक्तता के परीक्षण कराने और जल्द से जल्द प्रस्ताव तैयार कराकर पेश करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वर्तमान में लखनऊ में संचालित हो रही मेट्रो को एक ओर आईआईएम तक और दूसरी ओर एसजीपीजीआई तक विस्तार दिए जाने का भी निर्णय लिया है। सीएम ने कहा कि निजी क्षेत्र की अनेक कंपनियां इसके लिए सहयोग देने को इच्छुक हैं। ऐसे में हमें पीपीपी मोड पर विस्तारीकरण के लिए विचार करना चाहिए। बता दें केंद्र सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद मेट्रो विस्तार का काम शुरू हो जाएगा।

उधर मेट्रो के एक अधिकारी ने बिना नाम बताने की शर्त पर बताया कि आज से सालभर पहले भी एनाउंसमेंट हुआ था। इसमें चारबाग से वसंतकुंज तक मेट्रो का दूसरा फेज चलाने की बात कही गई थी। इस संबंध में दूसरी बार अपडेटेड डीपीआर सबमिट की गई थी। लेकिन अभी तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया था। अब सीएम योगी ने फिर से डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए है तो फिर से नए संसोधन के साथ डीपीआर सबमिट किया जाएगा। अधिकारी की माने तो डीपीआर तैयार करने में एक से दो महीने का समय लग सकता है। आईआईएम और पीजीआई तक विस्तार करने में स्टेशन भी बढ़ेंगे। इसको लेकर मेट्रो विभाग नई रूपरेखा के साथ नया डीपीआर तैयार करेगा।

लखनऊ में मेट्रो विस्तार की घोषणा पर बीजेपी नेता नीरज सिंह ने जनता हित में इस सरहानीय कार्य के लिए लखनऊ के सांसद और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीएम योगी का ह्रदय से आभार व्यक्त किया। नीरज सिंह ने कहा कि मैट्रो विस्तार से लखनऊ के विकास को तेज गति प्राप्त होगी। बीजेपी नेता नीरज सिंह लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह के बेटे हैं। नीरज सिंह अपने पिता का पूरा कामकाज देखते हैं। उधर सीएम योगी के आदेश के बाद लखनऊ में मेट्रो विस्तार का काम लोकसभा चुनाव से पहले शुरू हो सकता है। क्योंकि इस विस्तार से राजधानी की एक बड़ी आबादी इससे लाभान्वित होगी। इसका सीधा असर आने वाले लोकसभा चुनाव में भी पड़ सकता है।

लखनऊ मेट्रो ने जो पहले डीपीआर भेजा था उस ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर में चारबाग से लेकर बसंतकुंज तक कुल 12 मेट्रो स्टेशन बनाने की तैयारी थी। इसमें चारबाग, गौतमबुद्ध नगर, अमीनाबाद, पांडेयगंज, सिटी रेलवे स्टेशन, मेडिकल चौराहा और नवाजगंज में भूमिगत मेट्रो स्टेशन बनना था। जबकि ठाकुरगंज, बालागंज, सरफराजगंज, मूसाबाग और वसंतकुंज समेत सभी पांचों स्टेशन एलिवेटेड स्टेशन बनाने की तैयारी थी। चारबाग से बसंतकुंज तक ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर की कुल मार्ग लंबाई 11.165 किमी थी। इस कॉरिडोर के पूरा होने में 5 साल तक का समय लग सकता था। इस परियोजना पर कुल 5034.55 करोड़ रुपये का खर्चा आया था।

### ब्लॉक दिवस में 11 बजे के बाद पहुंचे अफसर

**लखनऊ।** माह के प्रथम बुधवार को सुबह दस बजे से आयोजित ब्लॉक दिवस में सुबह 11 बजे तक कोई भी अधिकारी व कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। सभागार में सिर्फ बैनर लगा रहा और फरियादी महिला इंतजार करती रही। मीडिया की टीम आने की जानकारी मिलने पर 11 बजे के बाद कुछ अधिकारी मौके पर पहुंचे। ब्लॉक दिवस का प्रचार-प्रसार न होने से सिर्फ कागजी कोरम भरकर रह गया है।

# वर्ल्ड क्लास सिटी के रूप में इस साल स्थापित हो जाएगी अयोध्या

## विकास के लिए तय किए गए आठ मॉडल

संवाददाता



**लखनऊ।** 30.5 हजार करोड़ की 178 परियोजनाओं के जरिए अयोध्या को विश्वस्तरीय नगरी के रूप में विकसित करने का संकल्प अब सिद्धि तक पहुंचने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अयोध्या में आठ परिकल्पनाओं के आधार पर 30.5 हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं में से अधिकांश 2024 में पूरी हो रही हैं। वहीं सीएम योगी के प्रयासों से यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान अयोध्या के लिए प्राप्त हुए 6 हजार करोड़ से अधिक के निवेश भी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिए धरातल पर उतरने को तैयार हैं।

इन आठ संकल्पित मॉडल में विकास कार्यों की एक लंबी फेहरिस्त है, जिसमें सबसे पहला नाम अयोध्या में बनकर तैयार हो चुके अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का है। 14 सौ करोड़ के इस प्रोजेक्ट में 11 सौ करोड़ रुपए योगी सरकार की ओर से प्रदान किये गये। साथ ही भूमि अधिग्रहण जैसे पेचीदा मामलों में स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भू-स्वामियों से संवाद कर एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहण के कार्य को शांतिपूर्वक संपन्न कराया। नव्य अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन भी लोकार्पित हो चुका है। वहीं सूर्यवंशी राजा राम की नगरी को सौर ऊर्जा से प्रकाशमान बनाने के लिए योगी सरकार की ओर से सबसे बड़ा तोहफा इसी साल मार्च तक सोलर सिटी के रूप में मिलने वाला है।

जनवरी में जहां एक तरफ भव्य श्रीराम मंदिर का उद्घाटन होगा वहीं 394 करोड़ से 4 लेन अयोध्या अकबरपुर बसखारी मार्ग, एनएच 27 से रामपथ तक रेलवे समपार, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ रेलवे क्रॉसिंग पर ओवर ब्रिज, दर्शन नगर के पास रेलवे ओवर ब्रिज, अमानीगंज में मल्टी लेवल पार्किंग, कलेक्ट्रेट के पास स्मार्ट वाहन पार्किंग, पंचकोसी और चौदहकोसी मार्ग पर इंटरप्रिटेशन वॉल का निर्माण, परिक्रमा मार्ग पर 25 से ज्यादा पर्यटन स्थलों और कुंडों का विकास, डेकोरेटिव पोल और हेरिटेज लाइटों की स्थापना का कार्य, कौशल्या सदन का निर्माण, मुक्ति वैकुंठ धाम के विकास का कार्य भी पूरा हो जाएगा। वहीं फरवरी में अयोध्या के 7 वार्डों में 24 घंटे जलापूर्ति, सूर्यकुंड के पास आरओबी, मार्च में अयोध्या अकबरपुर मार्ग पर फतेहगंज आरओबी, अयोध्या बिल्हौरघाट 4 लेन सड़क, गुप्तार घाट का सौंदर्यीकरण, नया घाट से लक्ष्मण घाट तक पर्यटन सुविधाओं का विकास, अयोध्या सोलर सिटी का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। अप्रैल में अवध बस स्टैंड के पास आश्रय गृह का निर्माण, नाका बाइपास के पास कल्याण भवन का निर्माण, चार ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। जून में अयोध्या सीवरेज योजना का पार्ट वन पूरा कर लिया जाएगा। जुलाई में 473 करोड़ से पंचकोसी परिक्रमा मार्ग चौड़ीकरण कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। सितंबर में डॉ भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर को पूरा कर लिया जाएगा। अक्टूबर में 1140 करोड़ से चौदह कोसी परिक्रमा मार्ग का विस्तारीकरण पूरा कर लिया जाएगा। नवंबर-दिसंबर तक अयोध्या में जोनल अर्बन फैसिलिटेशन सेंटर का निर्माण, अयोध्या नगर निगम और अयोध्या विकास प्राधिकरण के विशाल भवनों का निर्माण कार्य भी पूरा कर लिया जाएगा।

इसके साथ ही एनएच 27 में लखनऊ अयोध्या खंड का चौड़ीकरण और सुदृढ़िकरण का कार्य, ग्रीन फील्ड टाउनशिप परियोजना, वशिष्ठ कुंज आवासीय परियोजना, नगर निगम और विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन, सीपेट केंद्र, गुप्तार घाट और राजघाट के बीच नये पक्के घाटों का निर्माण और पुराने घाटों का जीर्णोद्धार, राम की पैड़ी पर दर्शक दीर्घा, राम की पैड़ी से राजघाट तक और राजघाट से श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़िकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी योगी सरकार द्वारा तेज गति से संपन्न कराया जा रहा है।

## जातीय और राजनीतिक समीकरण का रखा जाएगा ध्यान




संवाददाता

**लखनऊ।** गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में यूपी की सभी 80 की 80 सीटें जीतने के लिए बीजेपी कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसीलिए मंत्रिमंडल विस्तार में जातीय और राजनीतिक समीकरणों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। यही वजह है कि बीजेपी ओपी राजभर के साथ-साथ दारा सिंह चौहान को भी मंत्रिमंडल में जगह दे सकती है। बताया यह भी जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद योगी मंत्रिमंडल विस्तार का रास्ता साफ हो गया है।

# हनुमंतलला से अनुमति लेकर ही रामजन्मभूमि जाएंगे पीएम मोदी

## पूजा प्रक्रिया में लगेंगे 40 मिनट

संवाददाता




**लखनऊ।** वाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि भगवान श्रीराम जब साकेत धाम जाने लगे तो उन्होंने उससे पूर्व हनुमान जी महाराज का राजतिलक किया था। हनुमान जी की अनुमति लिए बिना राम के दर्शन और पूजन का लाभ नहीं मिलता। रामदुआरे तुम रखवारे होत न आज्ञा बिनु पैसारे...प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे सिद्ध करके ही 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि में प्रवेश करेंगे। मान्यता है कि अयोध्या में हनुमंतलला के रूप में विराजमान हैं, बिना उनकी अनुमति के यहां कोई शुभ काम नहीं होता है। इसी मान्यता के चलते पीएम सबसे पहले हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाएंगे उनसे अनुमति लेंगे फिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए राम जन्मभूमि प्रस्थान करेंगे। वहीं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का अनुष्ठान 16 जनवरी से शुरु होगा। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में पीएम मोदी सबसे पहले संकल्प लेकर देश को समर्पित करेंगे, फिर रामलला का षोडशोपचार पूजन करेंगे। जो करीब 20 मिनट का होगा। षोडशोपचार पूजन व महापूजन को मिलाकर गर्भगृह में कुल पूजा का वक्त 40 मिनट का होगा। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकेंड का अति सूक्ष्म मुहूर्त होगा। जो 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकेंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकेंड होगा। पूजन के दौरान गर्भगृह में 10 से 11 लोग मौजूद रह सकते हैं। पूजन आचार्य लक्ष्मीकांत व गणेश्वर द्रविड़ के निर्देशन में होगा। वाल्मीकि रामायण में वर्णित है कि भगवान श्रीराम जब साकेत धाम जाने लगे तो उन्होंने उससे पूर्व हनुमान जी महाराज का राजतिलक किया था। हनुमान जी की अनुमति लिए बिना राम के दर्शन और पूजन का लाभ नहीं मिलता। माता सीता ने भी उन्हें अमरता का आशीर्वाद देते हुए कहा था अजर अमर गुन निधि सुत होऊ...। इसी मान्यता के चलते अयोध्या में शुभ काम के लिए बजरंगबली की अनुमति लेनी जरूरी होती है। जब 5 अगस्त 2020 को पीएम ने राममंदिर का भूमिपूजन किया था तब भी सबसे पहले वे बजरंगबली के दरबार में गए थे।

# यूपी में मंत्रिमंडल विस्तार जल्द

## ओपी राजभर का मंत्री बनने का सपना हो सकता है पूरा

संवाददाता

**लखनऊ।** बताया जा रहा है कि 14 जनवरी के बाद होने वाले मंत्रिमंडल विस्?तार में ओपी राजभर और दारा सिंह चौहान का मंत्री बनना तय है। कुछ दिन पहले राजभर दिल्?ली में बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात करने गए थे।

2024 लोकसभा चुनाव को लेकर एक ओर जहां सभी राजनीतिक पार्टी अपनी अपनी तैयारियां में जुटी हैं, वहीं यूपी में सबकी निगाहें मंत्रिमंडल विस्तार पर टिकी हुई हैं। माना जा रहा है कि खरमास खत्?म होते ही 14 जनवरी के बाद किसी भी शुभ तारीख को मंत्रिमंडल विस्तार का एलान किया जा सकता है। चर्चा यह भी है कि मंत्रिमंडल विस्तार भारी भरकम ना होने के बजाए चंद लोगों को मंत्री बनाया जा सकता है। इसमें सुभासपा मुखिया ओम प्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाने की चर्चा जोरों पर चल रही है। दरअसल 2022 विधानसभा चुनाव से पहले योगी सरकार से बगावत करके विरोधी खेमे में शामिल हो जाने वाले ओपी राजभर अब ह्ष्ठ का हिस्सा बन चुके हैं। ओपी राजभर एक ओर लोकसभा चुनाव के लिए 5 सीटों की मांग कर रहे हैं। साथ ही योगी मंत्रिमण्डल का फिर से हिस्सा बनना चाहते हैं। राजभर को बीजेपी के साथ आये 6 महीने का समय हो गया है, लेकिन अभी तक उनके मंत्री बनने का सपना पूरा नहीं हो पाया है। इसको लेकर सुभासपा मुखिया हाल ही में दिल्ली में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात भी की थी। इसके बाद से ये कयास लगाए जा रहे थे कि योगी सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार जल्द हो सकता है।

# सीनियर आईपीएस पद्मजा चौहान को मिली अहम जिम्मेदारी

## लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा फेरबदल

संवाददाता




**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है वैसे वैसे यूपी में तबादलों का दौर भी जारी है। नए साल के पहले दिन वाली देर रात को बड़े स्तर पर आईपीएस अधिकारियों के तबादले किये गए थे। इसके बाद बुधवार को एक महिला सीनियर आईपीएस अधिकारी को बड़ी जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

प्रदेश में इन दिनों तबादलों का दौर जारी है। नए साल के पहले दिन ही बड़े स्तर पर आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया गया था। इसमें 7 आईपीएस अधिकारी शामिल थे। इसी क्रम में बुधवार को सीनियर आईपीएस अधिकारी पदमजा चौहान के कामकाज में फेरबदल कर दिया है। इसको लेकर अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक राजा श्रीवास्तव ने आदेश भी जारी कर दिया है। 1998 बैच की आईपीएस अधिकारी पदमजा चौहान को अपर पुलिस महानिदेशक महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन यूपी के पद का प्रभार सौंपा गया है। इसके साथ ही अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं मुख्यालय लखनऊ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। सीनियर आईपीएस पदमजा चौहान मौजूदा समय में अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवाएं मुख्यालय लखनऊ के साथ साथ महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन में महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही थी। बता दें इससे पहले 7 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए गए थे। इसमें डॉ. केएस प्रताप कुमार को एडीजी गोरखपुर जोन नियुक्त किया गया था। मेरठ के एडीजी राजीव सभरवाल को डॉ बीआर अंबेडकर एकेडमी मुरादाबाद का एडीजी बनाया गया था। डीके ठाकुर को एडीजी मेरठ जोन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके साथ ही सुजीत पांडे एडीजी पीएसी बनाए गए थे। इसी तरह अशोक कुमार सिंह एडीजी पुलिस भर्ती बोर्ड बनाए गए थे। वहीं अखिल कुमार को कानपुर का नया पुलिस कमिश्नर बनाया गया था। डॉ. आरके स्वर्णकार को एडीजी एपीटीसी सीतापुर बनाया गया था।

# केरल से वापस आई कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग महिला की लखनऊ पीजीआई में मौत

संवाददाता



**लखनऊ।** बुधवार को लखनऊ में कोरोना संक्रमण का एक भी नया मामला नहीं मिला। वहीं कुल संक्रमितों से चार की रिपोर्ट बुधवार को निगेटिव आ गई। इस समय राजधानी में कोरोना संक्रमण का एक सक्रिय मामला है। लखनऊ में बुधवार को कोरोना संक्रमित एक महिला की मौत हो गई। मोहनलालगंज निवासी महिला कुछ दिन पहले केरल के त्रिवेंद्रम से वापस आई थीं। 63 वर्षीय महिला को किडनी के साथ ही डायबिटीज, हायपरटेंशन के साथ ही कई अन्य समस्याएं थीं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि महिला का पीजीआई से इलाज चल रहा था। जांच करने में उसमें कोरोना संक्रमण मिला। इसके बाद उसका इलाज किया जा रहा था। यह महिला तीसरे स्तर की किडनी की समस्या थी। डायबिटीज व हायपरटेंशन के साथ ही गंभीर रूप से सेप्सिस, रेस्पिरेटरी फेल्योर तथा कोविड निमोनिया की समस्या भी हुई। इसके चलते उनका निधन हो गया। एंटीजेन जांच में निगेटिव, आरटीपीसीआर के लिए नहीं भेजे सैंपल मोहनलालगंज के निगोहां निवासी कोविड संक्रमित महिला की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने वहां पर 11 लोगों की एंटीजेन जांच कराई। जांच में सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने उनकी आरटीपीसीआर जांच कराने की जरूरत नहीं समझी।

कोविड-19 के मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सतर्क रहने को कहा है। बुजुर्ग ओर बच्चों को भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में न ले जाने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों, बाजारो एवं अन्य भीडभाड वाले स्थानों पर मास्क, सेनेटाइजर की व्यवस्था करते हुए सोशल डिस्टेसिंग का पालन करने को कहा गया है।

# संपादकीय

## विपक्ष की मुश्किलों का अंत नहीं

आजाद भारत के इतिहास में पहली बार कांग्रेस 272 से भी कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने जा रही है। लेकिन इंडिया गठबंधन बना रहे, इसके लिए जरूरी है कि वास्तविकता से बेखबर कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व सीटों के बंटवारे के कड़वे फॉर्मूले को स्वीकारे। अन्यथा, नाजुक गठबंधन का अराजक होना तय है।

**दिवाकर राही का एक शेर है- अब तो उतनी भी मयस्सर नहीं मय-खाने में/जितनी हम छोड़ दिया करते थे पैमाने में।**

स्वतंत्र भारत में यह पहली बार होगा, जब 2024 में 18वीं लोकसभा के लिए 'ग्रांड ओल्ड कांग्रेस' पार्टी 272 से कम लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। ऐसे में, अगर सैद्धांतिक तौर पर एकबारगी यह मान भी लिया जाए कि अप्रैल-मई, 2024 में कांग्रेस जिन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है, उन सभी पर अगर उसे जीत हासिल हो, तब भी वह अपने दम पर केंद्र में सरकार नहीं बना सकती। पहले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 499 में से 489 सीटों पर चुनाव लड़ा और 364 सीटें जीतीं। वर्ष 1957 में जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस ने 494 सीटों पर चुनाव लड़ा और 371 सीटें जीतीं। इसी तरह, वर्ष 1962 में 494 में से 361 और 1967 में पहली बार अनुभवहीन इंदिरा गांधी के नेतृत्व में पार्टी 523 लोकसभा सीटों में से 283 पर जीत हासिल कर सत्ता बरकरार रखने में कामयाब रही। वर्ष 1971 में 'गरीबी हटाओ' के नारे के साथ इंदिरा गांधी ने 518 सीटों में से 352 सीटें जीतकर जबर्दस्त वापसी की। वर्ष 1975 के आपातकाल के बाद मतदाताओं ने इंदिरा को सत्ता से बाहर का रास्ता जरूर दिखाया, पर कांग्रेस 154 सीटें जीतने में कामयाब रही। वर्ष 1980 में इंदिरा गांधी ने एक बार फिर विपक्ष को पटखनी देते हुए 353 सीटें जीतकर सत्ता हासिल की। लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी ने दिसंबर, 1984 में 404 सीटें जीतकर कांग्रेस को बंपर जीत दिलाई। पंजाब में कांग्रेस की जीत से यह आंकड़ा 413 सीटों पर पहुंच गया, जहां चुनाव कुछ महीने बाद हुए थे। मगर 1989 में राजीव गांधी को शिकस्त झेलनी पड़ी, लेकिन 197 सीटों के साथ कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। वीपी सिंह और चंद्रशेखर सरकार के पतन के बाद कांग्रेस की फिर वापसी हुई। दरअसल, 1991 चुनाव के दौरान राजीव गांधी की दुखद हत्या के बाद कांग्रेस ने 244 सीटें जीतीं और छोटी पार्टियों के बाहरी समर्थन से पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व में सरकार बनाई। वर्ष 1996 में राव के नेतृत्व में कांग्रेस केवल 140 सीटें जीतकर सत्ता से बाहर हो गई। कांग्रेस ने अल्पकालीन एचडी देवे गौड़ा और आईके गुजराल सरकारों को बाहर से समर्थन दिया। वर्ष 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने एनडीए की सरकार बनाई। तब भी कांग्रेस के पास 141 सीटें और भाजपा को 182 सीटें मिली थीं। वर्ष 1999 के मध्यावधि चुनावों में वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन की सत्ता में वापसी हुई, जबकि कांग्रेस 114 सीटों पर सिमट गई, जो 'ग्रांड ओल्ड पार्टी' का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। हालांकि 2004 में कांग्रेस ने अपनी स्थिति सुधारते हुए 145 सीटें जीतीं और एक ऐसा गठबंधन बनाया, जो न केवल 2004 में, बल्कि 2009 में भी सरकार बनाने में कामयाब रहा, जब कांग्रेस को 206 सीटों पर जीत मिली थी। लोकसभा चुनाव में यह शायद आखिरी बार था, जब कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा के उदय ने कांग्रेस को बुरी तरह से ध्वस्त कर दिया, जिसे 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में दस फीसदी सीटें तक नहीं मिल सकीं। वर्ष 2014 में महज 44 सीटों पर सिमटना कांग्रेस के लिए शर्मनाक था। वहीं, 2019 में भी यह केवल 52 सीटें ही जीत पाई, जिसमें ज्यादातर सीटें केरल, पंजाब, तमिलनाडु और कर्नाटक से थीं। मल्लिकार्जुन खरगे और तीनों गांधी (सोनिया, राहुल और प्रियंका) के संयुक्त नेतृत्व में, चुनावों में मिली लगातार हार और कमजोर आत्मविश्वास के चलते धूमिल संभावनाओं और अस्तित्व पर मंडरा रहे संकट से जूझती कांग्रेस आप, तृणमूल कांग्रेस, जदयू, राकांपा (शरद पवार), द्रमुक, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और 22 अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ मिलकर भाजपा को हराने की जुगत कर रही है। पार्टी की पांच सदस्यीय उच्चस्तरीय टीम ने गठबंधन सहयोगियों से वार्ता के लिए पार्टी की रणनीति निर्धारित करने हेतु वासनिक के आवास पर बैठक की। पैनल के दो सदस्यों के अनुसार, उन्हें यह देखकर निराशा हुई कि कांग्रेस इस स्थिति में नहीं है कि वह गठबंधन के सहयोगियों से तीन सौ सीटें मांग सके। पैनल ने 292 लोकसभा सीटों को शॉर्टलिस्ट किया है, पर बारीकी से जांच करने पर ये 240 से भी कम निकली हैं। विभिन्न राज्यों की कई सीटें ऐसी हैं, जहां पार्टी के लिए गठबंधन सहयोगी के तौर पर चुनाव लड़ने का कोई आधार नहीं है। यही नहीं, उनका विश्लेषण बताता है कि राहुल गांधी की आगामी भारत न्याय यात्रा में जिन राज्यों से गुजरेगी, उन राज्यों की 345 संसदीय सीटों में से केवल 15 सीटों पर ही कांग्रेसी सांसद हैं। व्यावहारिक तौर पर देखें, तो पता चलता है समान विचारधारा वाले दलों से गठबंधन करने पर भी कांग्रेस के लिए 50 लोकसभा सीटों का आंकड़ा पार करना कठिन होगा।

## आओ मेरे राम

राम भक्त की धार हैं, राम जगत आधार।
राम नाम से ही सदा, होती जय जयकार।।
जगह-जगह पर इस धरा, है दर्शनीय धाम।
बसे सभी में एक से, है अपने श्री राम।।
राम सदा से सत्व है, राम समय का तत्व।
राम आदि है अन्त हैं, राम सकल समत्व।।
राम-राम सबसे रखो, यदि चाहो आराम
पड़ जायेगा कब पता, सौरभ किससे काम।।
राम नाम से मैं करूँ, मित्रों तुम्हे प्रणाम।
जीवन खुशमय आपका, सदा करे श्रीराम।।
राम-राम मुख बोल है, संकटमोचन नाम।
ध्यान धरे जो राम का, बनते बिगड़े काम।।
रोम रोम में है बसे, सौरभ मेरे राम।
भजती रहती है सदा,जिह्वा आठों याम।।
उसका ये संसार है, और यहाँ है कौन।
राम करे सो ठीक है, सौरभ साधे मौन।।
हर क्षण सुमिरे राम को, हों दर्शन अविराम।
राम नाम सुखमूल है, सकल लोक अभिराम।।
राम नाम है हर जगह, राम जाप चहुंओर।
चाहे जाकर देख लो, नभ तल के हर छोर।।
नगर अयोध्या, हर जगह, त्रेता की झंकार।
राम राज्य का ख्वाब जो, आज हुआ साकार।।
रखो लाज संसार की, आओ मेरे राम।
मिटे शोक मद मोह सब, जगत बने सुखधाम।।
मानव के अधिकार सब, होने लगे बहाल।
राम राज्य के दौर में, रहते सभी निहाल।।
रामराज्य की कल्पना, होगी तब साकार।
धर्म कर्म सच श्रम बने, उन्नति के आधार।।
राम नाम के जाप से, मिटते सारे पाप।
राम नाम ही सत्य है, सौरभ समझो आप।।



मद में डूबे जो कभी, भूले अपने राम।
रावण-सा होता सदा, उनका है अंजाम।।

-डॉ. सत्यवान सौरभ

# यादव सरकार की अपनी लकीर बड़ी करने की कोशिश...



मप्र में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की चौथी बार बंपर जीत के बाद बहुतों का कयास था कि अब पार्टी को राज्य में नया चेहरा प्रोजेक्ट करना आसान नहीं होगा, लेकिन भाजपा आलाकमान ने सरकार का चेहरा मोहरा बदलने की ठान ली थी। इसी के तहत बहुत कम चर्चित लेकिन भगवान महाकाल की नगरी के बाशिंदे डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी गई। मध्यप्रदेश में नई भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री पद की दौड़ में डॉ. मोहन यादव को शुरू में भले ही 'डार्क हॉर्स' माना जा रहा हो, लेकिन अपने 20 दिन के कार्यकाल में उन्होंने जिस तेजी से और जिस संकल्प शक्ति के साथ फैसलों की झड़ी लगा दी है, उससे राज्य में साफ संदेश गया है कि कोई उन्हें 'हल्के' में न ले। यह अपनी लकीर बड़ी करने की कोशिश भी है। खास बात यह है कि डॉ. मोहन यादव के कुछ फैसलों में कई छोटी-छोटी लेकिन गंभीर जमीनी समस्याओं की निदान की चिंता भी दिखाई पड़ती है यानी ये समस्याएं तो बरसों से चली आ रही हैं, लेकिन किसी भी मुख्यमंत्री ने इन्हें अब तक बहुत संजीदगी से नहीं लिया। दूसरे, यादव सरकार के फैसलों में राजनीतिक दूरदर्शिता के साथ साथ प्रशासनिक कसावट का आग्रह भी साफ नजर आती है। मप्र में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा की चौथी बार बंपर जीत के बाद बहुतों का कयास था कि अब पार्टी को राज्य में नया चेहरा प्रोजेक्ट करना आसान नहीं होगा, लेकिन भाजपा आलाकमान ने सरकार का चेहरा मोहरा बदलने की ठान ली थी। इसी के तहत बहुत कम चर्चित लेकिन भगवान महाकाल की नगरी के बाशिंदे डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी गई। हालांकि, आला कमान द्वारा सुनियोजित तरीके से दरकिनार किए गए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक अलग रणनीति अपनाते हुए एक बार फिर से अपनी दावेदारी जताने का कोई मौका नहीं छोड़ा और वो अभी भी यह बताने में लगे हैं कि भूमिका कोई सी भी हो, वो जन सेवा से पीछे हटने वाले नहीं है। शिवराज की यह कसक समझी जा सकती है, क्योंकि उन्होंने लगभग 17 साल तक देश के इस हृदय प्रदेश की कमान संभाली और राजनीति का अपना अलग नरेटिव गढ़ा, लेकिन लगातार सत्ता में बने रहने के अपने दुष्परिणाम भी होते हैं। सरकार में एक काकस और निरंकुशता का भाव बन जाता है। यूं शिवराज भावनात्मक और भौतिक रूप से जनता से जुड़े रहे, लेकिन प्रशासनिक तंत्र जनता से दूर होता चला गया। उसमे मगरूरी का भाव घर कर गया। इसके अलावा खुद शिवराज का बढ़ता कद भी भाजपा आला कमान को असहज करने वाला था। इसलिए माना गया कि अब राज्य में बदलाव का सही समय है। नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सामने वही चुनौतियां थीं, जो किसी भी नए नवेले और अचर्चित मुख्यमंत्री के सामने होती है। उन्हें तय करना था कि वो शिवराज सरकार की छाया और प्रशासनिक शैली से बाहर निकलकर नई पिच पर कैसी बैटिंग करते हैं। जनता देख रही है कि उनकी अपनी सोच, संघ से तालमेल, भाजपा के एजेंडे को क्रियान्वित करने का संकल्प, नौकरशाही में धमक कायम करने का जज्बा और प्रशासनिक तंत्र को नए नई और सही दिशा में हांकने की क्षमता कितनी है। इस दृष्टि से इतना तो कहा ही जा सकता है कि सीएम डॉ.मोहन यादव ने इस वन डे मैच के शुरूआती ओवर दमदारी से सधे हाथों से खेले हैं और इस बात के पुष्ट प्रमाण भी हैं। मसलन मुख्यमंत्री बनने के तत्काल बाद जारी उनका पहला आदेश प्रदेश में धार्मिक स्थानों पर जोर से लाउड स्पीकर बजाने और खुले में मांस और अंडे की बिक्री पर सख्ती से रोक। इस फैसले को यूपी में योगी आदित्यनाथ सरकार के दूसरे कार्यकाल के मंगलाचरण की नकल के रूप में भी देखा गया, लेकिन धार्मिक स्थलों और अन्य कार्यक्रमों में कई बार बहुत ज्यादा शोर और कानफोड़ू लाउड स्पीकर आम जनता की परेशानी का सबब बन गए थे। चूंकि मामला धार्मिक था, इसलिए इसके खिलाफ कोई बोलने की हिम्मत नहीं कर पाता था। विपक्षी कांग्रेस ने इस आदेश में भाजपा और आरएसएस का साम्प्रदायिक एजेंडा देखा और इस आदेश को परोक्ष रूप से मुसलमानों के खिलाफ बताने की कोशिश भी हुई, लेकिन मोटे तौर पर आम जनता ने इसका स्वागत ही किया, क्योंकि यह नियम किसी धर्म विशेष के स्थलों के लिए न होकर सभी धार्मिक स्थलों के लिए था। इसी तरह खुले में मांस व अंडों की बिक्री पर रोक से उन छोटे दुकानदारों और ठेले वालों को जरूर परेशानी हुई है, जो सरेआम सड़क किनारे दुकान लगा कर ये सामग्री बेचकर अपना पेट भरते हैं, लेकिन ज्यादातर लोगों ने इसे इसलिए सही माना, क्योंकि खुले में मांस बिक्री वैसे भी स्वास्थ्य के लिए हानिकर है। ऐसी कुछ अवैध दुकानों को तोड़ा भी गया। यही नहीं सरकार ने ध्वनि प्रदूषण के मामलों की जांच के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड भी गठित किया है, जो निर्धारित सीमा से अधिक ध्वनि प्रदूषण की शिकायत मिलने पर क्षेत्र में जाकर कार्रवाई करेगा। धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकरों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण की हर हफ्ते समीक्षा की जाएगी। इसका असर दिखने भी लगा है। भाजपा नेता उमा भारती यादव सरकार के इस फैसले से गदगद दिखी। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसे 'यादव सरकार की संवेदनशीलता' निरूपित किया। यादव सरकार का दूसरा अहम फैसला राज्य में विस चुनाव नतीजों के बाद भोपाल में एक भाजपा कार्यकर्ता पर हमला कर उसकी कलाई काटने के आरोपियों के घरों पर बुलडोजर चलाने का था। अल्पसंख्यक समुदाय के आरोपियों के घर बुलडोजर चलवाकर यादव ने यह संदेश दिया कि अपराध नियंत्रण और आरोपी तो सबक सिखाने के मामले में वो योगी सरकार की नीति पर चलेंगे। हालांकि बुलडोजर को 'त्वरित न्याय' का उपाय मानने और इंसाफ की वैधानिक प्रक्रिया को दरकिनार करने के भाजपाई सोच पर प्रश्नचिन्ह भी लगता रहा है, लेकिन इससे जनाक्रोश को तत्काल कम करने का संदेश भी जाता है। एक और निर्णायक फैसला प्रदेश की राजधानी भोपाल में विवादित बीआरटीएस (बस रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम) के खात्मे का था। देश के कुछ दूसरे शहरों की नकल पर भोपाल मेंं निर्मित बीआरटीएस शुरू से विवादों में रहा। करीब 13 पहले शिवराज सरकार के कार्यकाल में बना यह बीआरटीएस 360 करोड़ रू. खर्चने के बाद भी न तो पूरी तरह बन सका और न ही राजधानी के यातायात को सुगम बनाने का इसका मूल उद्देश्य पूरा हो सका। इसे हटाने की बात बीच में सवा साल के लिए सत्ता में आई कमलनाथ सरकार के कार्यकाल में भी उठी थी, लेकिन अफसरों ने उस सरकार को भी इस बारे में कोई ठोस निर्णय लेने से रोक दिया था। हकीकत में बीआरटीएस जी का जंजाल ज्यादा बन गया था। यह बात अलग है कि इस बीआरटीएस को हटाने में भी अफसर और नेताओं की चांदी होने वाली है, क्योंकि हाथी मरा भी तो सवा लाख का। बताया जा रहा है कि इसे हटाने पर भी 40 करोड़ का खर्च अनुमानित है। लेकिन यादव सरकार के जिस फैसले ने मोहन यादव सरकार की धमक कायम की वो गुना बस हादसे के समूची नौकरशाही को जिम्मेदार मानते हुए 'पूरे घर के बदल डालने'का था। एक निजी बस और डंपर की टक्कर के बाद लगी आग में 13 यात्रियों की जलकर मौत हो गई थी। जांच में सामने आया कि दोनो ही वाहन अवैध तरीके से चल रहे थे। इसके बाद सीएम मोहन यादव ने गुना जिले के कलेक्टर, एसपी के साथ साथ ट्रांसपोर्ट कमिश्नर और प्रमुख सचिव परिवहन को भी पद से हटा कर समूची नौकरशाही में कड़ा संदेश दिया। यह मौका देखकर चौका मारने वाली बात भी थी, क्योंकि आगे पीछे शिवराज सरकार में प्रमुख पदों पर बैठे अफसरों को हटना ही था, लेकिन सड़क हादसा इसका निमित्त बन गया। वैसे भी किसी सड़क हादसे में सरकार द्वारा अब तक की गई यह सबसे बड़ी कार्रवाई है, हालांकि जिस बस के यात्रियों की अकाल मौत हुई, वो एक भाजपा नेता की है और उसके खिलाफ कार्रवाई का अभी लोगो को इंतजार है। जन समस्याओं से जुड़ा एक और मुद्दा जिलों, तहसीलों और थानों की सीमा के पुनर्निधारण का है। इसके लिए एक कमेटी बनाने का फैसला हुआ है, जो इसका अध्ययन कर सरकार को रिपोर्ट देगी। शुरुआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर संभाग से की जाएगी। यह सही है कि राज्य में कई तहसीलों और थानों की भौगोलिक सीमाएं ऐसी हैं, जो स्थानीय नागरिकों की पहुंच से प्रशासन को दूर करती हैं। इनके युक्तियुक्तकरण की बेहद आवश्यकता थी। मसलन किसी गांव से जिला मुख्यालय 10 किमी है तो किसी दूरस्थ तहसील से इसकी दूरी सौ किमी तक है। जबकि पड़ोस का जिला मुख्यालय वहां से बहुत पास है। यही स्थिति थानों की भी है। किसी गांव से पुलिस थाना बहुत पास है तो किसी गांव से बहुत दूर। इस विसंगति को मिटाने के लिए तहसील और थानों की सरहदों का पुनर्निधारण बेहद जरूरी था। यादव सरकार ने इस बारे में निर्णय लेकर एक बुनियादी मसले के हल की दिशा में कदम उठाया है। प्रशासन की लोगों तक सुगम पहुंच के इस फैसले पर अगर सही ढंग से अमल हुआ तो इसका सकारात्मक असर जरूर दिखाई देगा। इसके अलावा उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के उद्देश्य से हर जिले में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज खोलने का निर्णय भी अहम है। लेकिन इसी के साथ राज्य में पहले से चल रहे कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और सीए राइज स्कूलों दुर्दशा पर भी सरकार को गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। कुल मिलाकर नई सरकार का आगाज तो अच्छा है, लेकिन इसके अनुकूल राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक परिणाम कैसे और कितने आते हैं, इस पर यादव सरकार का भविष्य काफी कुछ निर्भर करेगा।


# राम नाम है हर जगह, राम जाप चहुंओर



– डॉ० सत्यवान सौरभ

श्रीराम हमारे मन में बसे, श्रीराम हमारी संस्कृति है, हमारी बोलचाल, प्यार, उलाहनों और कहावतों में सदियों से रचे बसे है श्रीराम। रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी 2024 रामकथा का नया अध्याय है, यह 493 वर्ष तक चली संघर्ष-कथा का अपना %उत्तरकांड% है। अपनी माटी, अपने ही आंगन में ठीहा पाने को रामलला पांच सदी तक प्रतीक्षा करते रहे तो रामभक्तों की %अग्निपरीक्षा% भी अब पूरी हुई। आधुनिक भारत का राममंदिर सत्य, अहिंसा और न्यायप्रिय भारत की अनुपम भेंट है। यह सर्वसत्य है कि यह मंदिर तप, त्याग और संकल्प का प्रतीक बनेगा। ये शाश्वत मंदिर आस्था और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बनेगा। वास्तव में हमें जब भी कोई काम करना हो तो हम भगवान राम की ओर देखते हैं। भगवान राम की जय बोलते हैं। राम हमारे मन में बसे हैं। राम हमारी संस्कृति के आधार हैं। राम-राम जी। हरियाणा में किसी राह चलते अनजान को भी ये 'देसी नमस्ते' करने का चलन है। यह दिखाता है कि गीता और महाभारत की धरती माने जाने वाले हरियाणा के जनमानस में श्रीकृष्ण से ज्यादा श्रीराम रचे-बसे हैं। हरियाणवियों में रामफल, रामभज, रामप्यारी, रामभतेरी जैसे कितने ही नाम सुनने को मिल जाएंगे। रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी 2024 रामकथा का नया अध्याय है, यह 493 वर्ष तक चली संघर्ष-कथा का अपना %उत्तरकांड% है। अपनी माटी, अपने ही आंगन में ठीहा पाने को रामलला पांच सदी तक प्रतीक्षा करते रहे तो रामभक्तों की अग्निपरीक्षा भी अब पूरी हुई। हरियाणा के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर डॉ हिम्मत सिंह के अनुसार हरियाणा के आम जनमानस में बरसात होने पर रामजी खूब बरस्या या बरसात न होने पर रामजी बरस्या कोनी का उलाहना सुनने को मिलेगा। किसी से अच्छा प्यार-पहचान जताने के लिए उस गेल्यो बढ़िया राम-राम है या अनजानापन जताने के लिए उसतै तो मेरी राम-राम बी कौना, कहवात का इस्तेमाल करते हैं। यहां सांग में राम के प्रसंग जुड़े हैं तो भजनों में भी राम का जिक्र मिलता है। %लाड्डू राम नाम का खाले नै हो ज्यागा कल्याण%.. या %मनै इब कै पिलशन मिल जा मैं तो ल्याऊ राम की माला%... जैसे हरियाणवी भजन हिट रहे हैं। किसी को सांत्वना देने के लिए %राम भली करैगा या आंधे की माक्खी राम उड़ावै% जैसी कहावतें हैं। रामायण पर चार पीएचडी करवा चुके 90 वर्षीय डॉ. हिम्मत सिंह सिन्हा कहते हैं कि सन् 1999 तक हिंदी भाषी क्षेत्रों में राम व रामायण पर 150 से ज्यादा शोध थे। अब इनकी संख्या 250 से ज्यादा होगी। गैर हिंदी प्रदेशों में भी काफी शोध हुए हैं। हरियाणा व हिंदी भाषी क्षेत्र में राम के लोकजीवन में रचने बसने का श्रेय कई संतों व कवियों और आर्य समाज को जाता है। कबीर को निम्न जाति का मानते हुए उस काल में मंदिरों में नहीं जाने देते थे। तब कबीर ने राम को निर्गुण मानते हुए प्रचार किया। पहले आदि कवि वाल्मीकि, संत रविदास, नामदेव ने निर्गुण रूप का प्रचार किया। हरियाणा में आर्य समाज का काफी प्रभाव रहा है और आर्य समाज ने राम को आदर्श पुरुष माना है। प्रदेश में कबीरपंथ का प्रचार करने के लिए डेरे भी हैं। कबीर के दोहों में रा को छत्र और म को माथे की बिंदी माना है। यानी सभी को रक्षा व सम्मान का प्रतीक माना है। हरियाणा के पुराने सांगों में राम के प्रसंगों का खूब जिक्र होता रहा है, इस वजह भी पीढ़ी दर पीढ़ी राम की असर जनमानस है, जबकि कुरुक्षेत्र जैसी धर्मनगरी समेत प्रदेश में कहीं भी श्रीराम के प्राचीन मंदिर नहीं हैं। रामराज्य की कल्पना में ही नैतिक मूल्य व राजनीतिक दर्शन है। राजनीति में सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली आया राम-गया राम की कहावत भी हरियाणवी राजनीति से निकली है। जब 1967 में एक विधायक ने एक ही दिन में 3 बार में दल-बदल किया था। हरियाणा के गांव मुंदडी में लव-कुश ने रामायण कंठस्थ की थी और सीवन गांव में माता सीता समाई थी। कैथल दडी में भगवान राम व सीता के पुत्रों लव-कुश ने महर्षि वाल्मीकि से इसी तीर्थ पर रामायण को कंठस्थ कर दिया था, जिसके बाद महर्षि वाल्मीकि ने मौन धारण कर दिया था। इससे ही गांव का नाम मुंदडी हो गया। इस तीर्थ पर शिव, हनुमान व लव-कुश के मंदिर हैं। मंदिर के गर्भगृह की भित्तियों पर राम, लक्ष्मण को कंधे पर बैठाए हुए हनुमान, गोपियों के साथ कृष्ण, रासलीला व गणेश इत्यादि के चित्र बने हुए हैं। नारद पुराण के अनुसार चैत्र मास की चतुर्दशी को इस तीर्थ में स्नान करने पर मोक्ष की प्राप्ति होती है। मंदिर के सरोवर की खुदाई से कुषाणकाल (प्रथम-द्वितीय शती ई.) से लेकर मध्यकाल 9-10वी शती ई. के मृदपात्र एवं अन्य पुरावशेष मिले थे। जिससे इस तीर्थ की प्राचीनता सिद्ध होती है। यहां महर्षि वाल्मीकि संस्कृत यूनिवर्सिटी भी बनाई जा रही है। वहीं, कैथल के गांव सीवन या शीतवन को जनमानसे जनकनंदिनी सीता जी से संबंधित मानती है। प्रचलित विश्वास के अनुसार सीता इसी स्थान पर धरती में समा गई थीं। इसीलिए इस तीर्थ को स्वर्गद्वार के नाम से भी जाना जाता है। इस तीर्थ का उल्लेख महाभारत एवं वामन पुराण के अतिरिक्त पद्म पुराण, ब्रह्म पुराण, कूर्म पराण, नारद पुराण तथा अग्नि पुराण में भी पाया जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि यही शीतवन अपभ्रंश हो कर परवर्ती काल में सीतवन के नाम से विख्यात हो गया। वामन पुराण में इस तीर्थ को मातृतीर्थ के पश्चात् रखा गया है। राममंदिर आंदोलन के पलों को हरियांवासी कभी भूल नहीं सकते, जब गांव-गांव राममंदिर के लिए रामशिलाएं आई और देश के असंख्य लोग कारसेवा के लिए अवधपुरी की तरफ कूच कर गए थे। आधुनिक भारत का राममंदिर सत्य, अहिंसा और न्यायप्रिय भारत की अनुपम भेंट है। यह सर्वसत्य है कि यह मंदिर तप, त्याग और संकल्प का प्रतीक बनेगा। ये शाश्वत मंदिर आस्था और राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बनेगा। वास्तव में हमें जब भी कोई काम करना हो तो हम भगवान राम की ओर देखते हैं। भगवान राम की जय बोलते हैं। राम हमारे मन में बसे हैं। राम हमारी संस्कृति के आधार हैं।

# हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने डॉ सत्यवान सौरभ की पुस्तक खेती किसानी और पशुपालन की लोकार्पित




कृषि एवम पशुपालन मंत्री लोकार्पण के दौरान कहा कि उम्मीद की जाती है कि कृषि और पशुपालन उद्यमियों को इस पुस्तक की सामग्री में निहित जानकारी उपयोगी लगेगी और वे अपने व्यवसाय को उन्नत करने और कृषि और पशुपालन में चैंपियन बनने के लिए उनसे जुड़े मुद्दों को समझते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएंगे। लेखक डॉ सत्यवान सौरभ का ये प्रयास हरियाणा ही नहीं भारत के कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए, सर्वोत्तम खाद्य, पशुपालन और कृषि उद्यमों को बढ़ावा देने में मदद करेगा। *चंडीगढ़ /हिसार /भिवानी* बड़वा के युवा कवि और चर्चित संपादकीय लेखक डॉ सत्यवान सौरभ की नव प्रकाशित पुस्तक खेती किसानी और पशुधन निबंध संग्रह का लोकार्पण हरियाणा के कृषि और पशुपालन मंत्री श्री जेपी दलाल ने चंडीगढ़ निवास स्थान पर किया। सत्यवान सौरभ की ये सातवीं पुस्तक है। इससे पहले वो विभिन्न विधाओं में छह पुस्तकें लिख चुके है। इस अवसर पर अपने संदेश में कृषि एवम पशुपालन मंत्री ने कहा कि कृषि और पशुधन आर्थिक विकास में रोजगार सृजन के सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है और यह किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देने और विकास का विषय सरल नहीं है, बल्कि इसमें निरंतर सुधार और नवाचार की आवश्यकता है। इस प्रबंधन के रास्ते में नए अवसर और चुनौतियाँ आना तय है क्योंकि बड़ी चुनौतियों के बाद हमें उनके समाधान के लिए सबसे स्वीकार्य और नवीन तरीके से तत्पर रहना होता है। कोविड-19 के दौरान ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन्होंने मौन प्रदर्शन किया है। इनमें से एक क्षेत्र कृषि और पशुपालन है, उन्होंने न केवल बहुत सारे रोजगार प्रदान किए बल्कि ग्रामीण और किसानों को कृषि उत्पाद, कृषि वस्तुओं के उत्पादकों के साथ जुड़ने में भी मदद की। कृषि और पशुपालन संबंधित सेवाएं ग्रामीण तबके को विकास के अवसर प्रदान करती हैं। इसलिए आज कृषि और पशुपालन की विभिन्न योजनाओं के मुद्दों और उनके समाधानों को निगरानी की आवश्यकता महसूस की गई है। इसलिए इस क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर एक साथ जानकारी देना बहुत महत्वपूर्ण है। यह उम्मीद की जाती है कि कृषि और पशुपालन उद्यमियों को इस पुस्तक की सामग्री में निहित जानकारी उपयोगी लगेगी और वे अपने व्यवसाय को उन्नत करने और कृषि और पशुपालन में चैंपियन बनने के लिए उनसे जुड़े मुद्दों को समझते हुए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएंगे। मुझे लगता है कि इस पुस्तक को तैयार करने और डिजाइन करने में लेखक डॉ सत्यवान सौरभ का ये प्रयास हरियाणां ही नहीं भारत के कृषि और पशुपालन को बढ़ावा देने के लिए, सर्वोत्तम खाद्य, पशुपालन और कृषि उद्यमों को बढ़ावा देने में मदद करेगा। पुस्तक लोकार्पण के दौरान प्रताप सिंह सिंहमार, रोहतास जांगड़ा,नोकराम बासवाला, दलबीर भाटीवाल, राजकुमार ढांढा, जयबीर खिच्ची, कैलाश श्योराण, मनदीप फोगाट, लालसिंह लालू, परविंदर तंवर सहित अन्य उपस्थित सैंकड़ों प्रबुद्धजनों ने सत्यवान सौरभ को उनकी नव प्रकाशित पुस्तक के लिए शुभकामनाएं दी।

# मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा एलिवेटेड कॉरीडोर जबलपुर में महाकौशल क्षेत्र की तीव्र प्रगति होगी- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

- अयोध्या और हरिद्वार की तरह नर्मदा के घाटों का होगा विकास।
- जहां-जहां भगवान राम के चरण पड़े हैं, वे स्थान बनेंगे तीर्थ।
- आगामी 22 जनवरी को हर गांव और शहर में मनाएंगे दीपावली, मंदिर भी सजेंगे।
- वीरांगनाओं की जीवनियां पाठ्यक्रमों में पढ़ाएंगे
- वीरांगना दुर्गावती के बलिदान के सम्मान में रखी गई जबलपुर में केबिनेट बैठक।

**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**





**मध्य प्रदेश।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र में तीव्र प्रगति सुनिश्चित की जाएगी। संभाग के सभी जिलों में नए उद्योगों से लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त होगा और खुशहाली आएगी। खाद्य प्रसंस्करण, दुग्ध उत्पादन और अन्य संबंधित गतिविधियों से नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा। करीब 800 करोड़ रूपए की लागत से एलिवेटेड कॉरीडोर विकसित होगा, जो प्रदेश का सबसे बड़ा कॉरीडोर होगा। महाकौशल क्षेत्र में जनसहयोग से विकास का कारवां आगे बढ़ेगा। प्रगति के कार्य निरंतर चलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज जबलपुर में 409.53 करोड़ रूपये लागत के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर रहे थे। इनमें 100.66 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और 308.87 करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वन ग्रामों की तकलीफें दूर की जाएंगी। आज बरगी डेम के प्रभावित 10 ग्राम के 1414 परिवारों को भू-अभिलेख के पट्टे भी प्रदान किए गए। जबलपुर में 63 एकड़ क्षेत्र में आई.टी. पार्क का निर्माण कार्य किया जाएगा, इसकी लागत 400 करोड़ रूपए है। इसके अलावा 65 करोड़ रूपए की लागत के गारमेंट और फैशन डिजाइन क्लस्टर का विकास होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनेक हितग्राहियों को हितलाभ भी प्रदान किए। कार्यक्रम में 1414 परिवारों को भू-अधिकार के पट्टे प्रदान किए गए।

### जबलपुर शहर का स्वरूप बदल देंगे विकास कार्य से

खबर मध्य प्रदेश से---मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज जबलपुर में कौशल विकास, चिकित्सा शिक्षा विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभागों के विकास कार्यों की शुरूआत की हैं। इन विकास कार्यों से जबलपुर शहर का स्वरूप बदल जाएगा। इन कार्यों में बरगी जिला जबलपुर में 03 ट्रेड आईटीआई का भवन निर्माण कार्य, एन.एस.सी.बी. मेडिकल कॉलेज जबलपुर में स्नातक प्रवेश क्षमता 150 से 250 सीटर उन्नयन, शारदा नगर पार्क मे रांझी वन विहार निर्माण कार्य (मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना), रानी अवन्ती बाई वार्ड चग्गर फर्मा कॉलोनी एवं राजुल सिटी से स्वर्ण भूमि मुख्य मार्ग मे एम 30 सीमेंट सडक निर्माण, महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत अहिंसा चौक से वासु डेरी होते हुए सायबर जंक्शन तक एम 30 सीसी रोड, संभाग क्र 14 अंतर्गत महाराजा अग्रसेन वार्ड गरबा स्कीम नं 5/14 में विभिन्न स्थानों पर एम 30 सीसी सड़क निर्माण कार्य समिति, 750 एमएम पाइप लाइन राजुल काम्प्लैक्स आगा चौक से 300 एमएम पाइपलाइन सर्वोदय नगर तक एवं विभिन्न स्थानों पर पाइपलाइनों का कार्य, जबलपुर स्मार्ट रोड फेस 1 (राइट टाउन रोड), जबलपुर स्मार्ट रोड फेस 2 (गोलबाजार रोड) और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल महाविद्यालय जबलपुर में 85 पीजी सीट वृद्धि निर्माण कार्य शामिल हैं।

**रानी दुर्गावती सहित वीरांगनाओं की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल होंगी**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन की शुरूआत नर्मदे हर और जय-जय श्री महाकाल के उद्घोष के साथ की। डॉ. यादव ने कहा कि जाबालि ऋषि की धरती जबलपुर देश का मध्य केन्द्र भी है। यह रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम का प्रमाण देने वाली धरती है। रानी दुर्गावती के बलिदान का सम्मान करते हुए जबलपुर में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। यह क्षेत्र रानी अवंती बाई के बलिदान का भी गवाह है। साहसी भारतीय महिलाओं ने सदैव दुनिया के आगे साहस का उदाहरण प्रस्तुत किया है। रानी दुर्गावती ने अकबर जैसे शासक को युक्ति और बुद्धि से शिकस्त देने के निरंतर प्रयास किए। वे आखिरी सांस तक लड़ती रहीं। उन्होंने पराजय स्वीकार करने के स्थान पर स्वयं को कटार घोंपकर प्राणोत्सर्ग कर दिया। आजादी के अमृत काल में स्वाधीनता आंदोलन की अग्रदूत रानी दुर्गावती का आज सम्मानपूर्वक स्मरण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रानी दुर्गावती स्मारक के लिए भूमिपूजन किया था। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती अन्य वीरांगनाओं की जीवनी पाठ्यक्रम में शामिल की जाएगी।

**प्रधानमंत्री मोदी के मन में है मध्यप्रदेश**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के मन में मोदी हैं और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन में मध्यप्रदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत को समूचे विश्व में ऊंचाइयों पर पहुँचा दिया है। वे मध्यप्रदेश की प्रगति के आकांक्षी हैं। उनका संकल्प है सुशासन के उच्च मापदंड स्थापित करते हुए कार्य किया जाए।

**प्रदेश में घर-घर होगी दीपावली, मंदिर सजाएंगे**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का गौरवमयी क्षण है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार ने इस अद्भुत क्षण का सम्मान करने का निर्णय लिया है। अयोध्या जाने वाले तीर्थ यात्रियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। उन सभी स्थानों को तीर्थ स्थल बनाया जाएगा, जहां भगवान राम के चरण पड़े हैं। हर गाँव और शहर में मंदिरों की सज्जा होगी और दीपावली मनाई जाएगी। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश के विकास और गरीब कल्याण के लिए समर्पित हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल की नगरी को संवारने का कार्य किया है। वे पूरे प्रदेश में विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। जबलपुर में मंत्रिपरिषद की प्रथम बैठक की पहल सराहनीय है। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव महाकाल के भक्त हैं। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश प्रगति पथ पर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मिकी, पूर्व मंत्री अजय विश्नोई, विधायक श्री अशोक रोहाणी, प्रभात साहू, सुभाष तिवारी के साथ ही सुशील तिवारी, अभिलाष पांडे, नीरज ठाकुर और अनेक स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अयोध्या और हरिद्वार की तर्ज पर विकसित होंगे घाट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा के 17 घाटों के विकास कार्य भी होंगे। यह घाट अयोध्या और हरिद्वार की तर्ज पर बनेंगे। नर्मदा जी पूर्व से पश्चिम की तरफ बहती हैं। मध्यप्रदेश के नागरिक श्रद्धापूर्वक माँ नर्मदा की आरती करते हैं। घाटों के विकास के संबंध में विभिन्न सुझावों पर भी अमल किया जाएगा।

## एक नज़र

### इंदिरा गांधी आईटीआई में आज लगेगा रोजगार मेला




**हापुड़।** जिला सेवायोजन द्वारा एक रोजगार मेले का आयोजन इंदिरा गांधी आईटीआई दिल्ली रोड पर सुबह 10 बजे से किया जा रहा है जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा और चयनित प्रक्रिया कंपनी द्वारा साक्षात्कार चयनित किया जाएगा जिसमें शैक्षिक योग्यता हाई स्कूल, इंटर, स्नातक ,आईटीआई व डिप्लोमा व स्नोकतर इत्यादि के ऐसे अभ्यर्थी जो सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत हैं वही भाग ले सकेंगे। अधिक से अधिक अभ्यर्थी रोजगार मिले मे प्रतिभाग कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाएं।

### शिक्षिका सावित्रीबाई फुले जी की जयंती पर आजाद समाज पार्टी ने नमन कर किया याद

### राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी का शिक्षा के क्षेत्र में महान कार्य रहा ह:सुशील आजाद



**हापुड़।** आजाद समाज पार्टी (काशीराम) के तत्वाधान में पार्टी के जिला कार्यालय पर आधुनिक भारत की प्रथम महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी की जयंती मनाई गई तथा उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य पर विचारों विमर्श किया गया इस मौकेउ पर पार्टी जिला अध्यक्ष हापुड़ एडवोकेट सुशील आजाद ने कहा कि राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले जी का शिक्षा के क्षेत्र में महान कार्य रहा है शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते समय उन्होंने बहुत अपमान बर्दाश्त किया परंतु उन्होंने कदम पीछे नहीं किया महिलाओं को शिक्षित बनाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस अवसर पर पार्टी के मेरठ मंडल फ्रंटल प्रभारी एडवोकेट दिनेश कुमार जिला अध्यक्ष हापुड़ एडवोकेट, सुशील आजाद भीम आर्मी मेरठ मंडल के संगठन सचिव, अर्जुन सिंह आजाद जिला महासचिव, डॉ.योगेंद्र गौतम जिला उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र जाटवछ जिला कोषाध्यक्ष, श्याम सिंह आजाद भीम आर्मी के वरिष्ठ पदाधिकारी वीर गौतम जिला कार्यालय प्रभारी रवि गौतम, राशिद खान, आजम खान फहद खान, सौरभ कुमार, अनुरग आदि पदाधिकारी गण शामिल रहे।

### सीमा सुरक्षा बल में सब इंस्पेक्टर बनने पर हापुड़ के युवक को बधाई देने वालों का तांता

**हापुड़।** यदि इंसान मेहनत करे तो क्या नहीं कर सकता यही बात मौहल्ला कवि नगर नियर सोमती कैन नर्सिंग होम निवासी रिटायर्ड वरिष्ठ प्रबंधक सिंडिक बैंक सरदार शेर सिंह के पुत्र सरदार अमरेन्दर सिंह ने माता-पिता के सपने को साकार कर दिखाया है कि अपनी लग्नतापूर्वक कड़ी मेहनत करते हुए सब इंस्पेक्टर इंजीनियरिंग कोर सीमा सुरक्षा बल में सब इंस्पेक्टर के पद की पासिंग आउट परेड करते हुए भुवनेश्वर उड़ीसा में उनकी तैनाती नियुक्त की गई है। सरदार अमरेन्दर सिंह ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि मेने 12वीं की कक्षा यूपी बोर्ड से उत्तीर्ण की है और सिविल इंजीनियर में हरियाणा से डिप्लोमा किया था उसके बाद यूपी से बी टेक करते हुए यहां तक पहुंचा हूं मेरा सिलेक्शन मई 2023 में सब इंस्पेक्टर इंजीनियरिंग कोर सीमा सुरक्षा बल में हुआ था और 6 महीने का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उड़ीसा के भुवनेश्वर में तैनाती दी गई है जो हर देश के युवक के लिए गर्व की बात है और उन्होंने हर युवाओं के लिए संदेश देते हुए बताया कि शिक्षा के माध्यम से दिन -रात लग्नतापूर्वक कठिन परिश्रम करते हुए किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। क्योंकि माता-पिता के सपने को साकार करने के लिए हमारी खुद की जिम्मेदारी होती है। उनके सीमा सुरक्षा बल में सब इंस्पेक्टर बनने पर उनके घर सहित फोन कर सोशल मीडिया आदि पर बधाई देने वाले लोगों का तांता बना हुआ है साथी ही हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढती ने भी उन्हें अपने निवास पर बुलाकर फूलमाला पहनाते हुए स्वागत करते हुए बधाई दी है।

### सैय्यद मोहम्मद सुगरा वास्ती ट्रेस्ट की ओर से नव वर्ष पर गरीबो को कम्बल वितरण किए

**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**



**हरदोई।** बिलग्राम कस्वा के मोहल्ला मैदानपुरा स्थिति सज्जादा नशीन सैय्यद हज़रत उवैसे मुसतफ़ा वास्ती ख़ानक़ाह कादरिया चिश्तिया सुगरविया ट्रस्टी की ओर से जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम संजीव कुमार ओझा द्वारा जरूरत मन्दो व गरीबो में 400 कम्बल का वितरण हुआ इस दौरान कस्बा इंचार्ज अशोक सिंह,और हज़रत बादशाह हुसैन वास्ती,फैज़ान मियाँ वास्ती,सालार मियाँ वास्ती की मौजूदगी में चार सौ लोगों को कम्बल वितरित किये वितरित करते हुए बादशाह हुसैन वास्ती ने कहा की बरीबो को ठण्ड से बचने के लिए कम्बल वितरित किया जाना अन्यन्त पुनित कार्य है ये कार्य प्रत्येक नगर व गांव में समाजसेवियों को करना चाहिए जिससे गरीबो को ठंड से बचाया जासके इस प्रोग्राम में आए हुए सभी समुदाय के औरतो एवं व्रद सभी को एक सम्मान कम्बल दान किया गया जिसमे कम्बल लेने वालों ने कमेटी का तहदिल से शुक्रिया किया इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष वाजिद हुसैन,सज्जाद हुसैन एडवोकेट,राजू खान,रिहान एडवोकेट,आदि लोग मौजूद रहे

## माता सावित्रीबाई फुले के कारण आज हम सब महिलाओं को पढ़ने लिखने का अधिकार मिला -मिथिलेश रानी

**द अचीवर टाइम्स**



**हापुड़।** राष्ट्रीय मूलनिवासी महिला संघ ने सुभाष नगर में माता सावित्रीबाई फुले के 193 जयंती समारोह धूमधाम से मनाया। जहां सर्वप्रथम सावित्रीबाई फुले जी के चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित करते हुए ने याद किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मिथिलेश रानी ने महिलाओं को संशोधित करते हुए कहा कि माता सावित्रीबाई फुले के कारण आज हम सब महिलाओं को पढ़ने लिखने का अधिकार मिला है इस देश में बाहल हुए वरना महिलाओं को तो भारतीय समाज में दोयम दर्जे का समझा जाता था। समाज में महिला दस्ता, बाल विवाह, सती प्रथा आदि कुरीतियों थी जिनको ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले ने अपने अथक प्रयासों से लड़ झगड़ करके दूर करने का कार्य किया अतः हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और सामाजहित में कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर पूनम रानी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय मूल निवासी महिला संघ ने कहा कि आज जो महिलाओं की स्थिति है चाहे वह स्वर्ण समाज की हो या एससी एसटी ओबीसी समाज की महिलाएं डॉक्टर, इंजीनियर, एम.पी.एम.एल. बनने का अधिकार ज्योतिबा फुले माता सावित्रीबाई फुले की क्रांति के बाद देश में बाहल हुए और बाबा साहब ने उन अधिकार को संविधान में लिखित रूप में बाहल किया हमें अपने महापुरुषों के संघर्ष से सबक लेकर के सामाजिक कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर मन्नू,सुमन, अंशिका, रेनू, कविता खुशी गौतम रामकटोरी, कमलेश राधा रेशम सुनीता, अंशुमिता गौतम सीमा चंद्रावती आदि महिलाओं ने आदि महिलाएं उपस्थिति रही

## कल्याण सिंह का जन्मदिन मनाएंगे शिक्षामित्र सुशील यादव

**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार यादव ने बताया कि 5 जनवरी को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय बाबूजी कल्याण सिंह जी का जन्मदिन शिक्षामित्र धूमधाम से मनाएंगे इसके लिए लखनऊ मंडल के सैकड़ो शिक्षामित्र लखनऊ में एकत्रित होकर बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर कल्याण सिंह का जन्मदिन मनाएंगे सुशील यादव ने बताया की 1999 में प्रदेश के हजारों प्राथमिक विद्यालयों में ताला बंद था शिक्षा व्यवस्था बिल्कुल कैमरा गई थी विश्व बैंक ने इस स्थिति को सुधारने के लिए सरकारों से जल्द से जल्द कदम उठाने के लिए कहा था जिस पर उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह जी ने शिक्षामित्र की पहली नियुक्ति प्रारंभ की थी उसे नियुक्ति में ग्राम पंचायत स्तर पर हाई स्कूल व इंटर में सबसे टॉपर विद्यार्थी को शिक्षामित्र के पद पर खुली बैठक में चयन किया गया था पिछले 24 वर्षों से शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं इस समय सभी शिक्षामित्र स्नातक व बीटीसी उत्तीर्ण है पिछले 3 साल शिक्षामित्र सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित होकर भी काम कर चुके हैं अब शिक्षामित्र को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी से अपने भविष्य को सुरक्षित करने की पूरी उम्मीद दिख रही है उत्तर प्रदेश का शिक्षामित्र अपने स्थाईकरण के लिए लगातार पूरे प्रदेश में आंदोलन और ज्ञापन के जरिए अपनी बात सरकार तक पहुंचा रहा है इसी क्रम में 5 जनवरी को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा में स्थान के प्रांतीय पदाधिकारी के साथ लखनऊ मंडल के सैकड़ो शिक्षामित्र बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के आवास पर कल्याण सिंह का जन्मदिन मनाएंगे

## श्री राम मंदिर कार्यक्रम में सम्मिलित होने का राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ व भाजपा ने प्रत्येक परिवार में दिया निमंत्रण



द अचीवर टाइम्स

गढ़मुक्तेश्वर। सेगेवाला बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक सेवक संघ व भाजपा ने प्रत्येक परिवार में दिया निमंत्रण। गढ़मुक्तेश्वर नगर के सेगेवाला बस्ती में 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के संबंध में समस्त रामदूत प्रत्येक घर जाकर श्री राम मन्दिर का चित्र व अक्षत (पीले चावल) देकर अपने क्षेत्र में इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर कुछ स्थानों पर खड़े रामभक्तो ने पुष्पवर्षा कर समस्त रामदूतो का स्वागत किया सभी से निवेदन किया अपने आसपास के मन्दिर में 22 जनवरी को कीर्तन,सुन्दर काण्ड का पाठ अवश्य करे और उस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित हो सभी ने एक ही स्वर में जय श्री राम का नारा लगाते हुए संकल्प लिया हम सभी अपने पड़ोस के मन्दिर में धार्मिक आयोजन भी करेंगे और शाम को अपने घरों में दीपोत्सव का कार्यक्रम भी करेंगे। इस अवसर पर रोहित मल्होत्रा, अमन राजोरा, शोभित गिरी, मुकुल शर्मा, जयवर्धन शर्मा, तारक विश्वास, अंशुल रावत, विकास राजपूत आदि समस्त रामदूत उपस्थित रहे।

## पी जी आई नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन ने महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

**संवादाता रघुनाथ सिंह द अचीवर टाइम्स**



**लखनऊ।** नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन एसजीपीजीआई लखनऊ ने स्थान खुराना प्रक्षाग्रह पी जी आई में महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर आरके धीमान निदेशक एसजीपीजीआई एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राजकुमार विभाग न्यूरोसर्जरी एवं इंचार्ज ट्रोमा सेंटर पी जी आई , प्रोफेसर डॉ बसंत पेडियाट्रिक सर्जरी एस जी पी जी आई एम एस, डॉक्टर प्याली भट्टाचार्य पेडियाट्रिशन एसजीपीजीआई डॉक्टर इंदु सुभाष श्रीमती श्रीमती शाइस्ता अम्मबर श्रीमती उषा टेकरी सी एन ओ मोजूद रहे मुख्य अतिथि में महिला सशक्तिकरण पर कहा कि आज सावित्री बाई फुले के जन्मदिवस की सभी को वधाई हुए कहा कि अब महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में सशक्त हो रही है किसी भी एग्जाम के परिणाम को अगर हम देखते हैं तो महिलाएं आगे दिखाई देती हैं डॉक्टर प्याली भट्टाचार्य ने महिला सशक्तिकरण के कार्यक्रम में वीरांगना महारानी अवंति बाई, महारानी लक्ष्मीबाई के योगदान की चर्चा आवश्यक है इनका शक्तिरूप हमने अपनी आंखों से देखा है ।हमे श्रीमतीसावित्री बाई फुले शिक्षा क्षेत्र, श्रीमती सरोजनी नायुडू राजनीति क्षेत्र, श्रीमती किरण बेदी प्रशासन क्षेत्र, श्रीमती बाई काशीबाई गणपत नर्सिंग सेवा क्षेत्र, श्रीमती सुश्री मदर टेरेसा समाज सेवा क्षेत्र में इनके द्वारा दिये गए महिला सशक्तिकरण के योगदान से हमे प्रेरणा लेना है । महिलाएं इस समाज की रीड़ है इसे मजबूत करेंगे तो यह देश विकास तेजी होगा। डॉ इंदु सुभाष, श्रीमती शाइस्ता अम्मबर श्रीमती उषा टेकरी ने कहा कि देश की सरकार महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता पर कानून बना चुकी है अब महिलाओं के प्रति समाज में पुरुषों की सोच बदलने की आवश्यकता है एवं सभी क्षेत्रों में जैसे शिक्षा ,अच्छा पालन पोषण , राजनीतिक, प्रशासनिक ,समाज सेवा एवं सांस्कृतिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है ।यूनियन द्वारा इस प्रोग्राम के आयोजन का उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए श्री सुजान सिंह ने कहा की अगर हमारे देश की महिला सभी क्षेत्रों में सशक्त होगी तो देश के विकास की गति तेज होगी क्योंकि महिला ही मां है और मां ही हर बच्चे की प्रथम टीचर है और एक सशक्त टीचर के द्वारा बच्चों को हर क्षेत्र की उचित शिक्षा देना शुरू होगा जिससे महिलाओं का सशक्तिकरण भी होगा , बच्चे, परिवार व देश का विकास होगा। इस विचारधारा को समाज व सरकार तक पहुंचाने का कार्य करने का उद्देश्य से आज के आयोजन को आयोजित किया गया जिसमें यूनियन के अध्यक्ष लता सचान, महामंत्री विवेक सागर , उपाध्यक्ष राजकुमार, ज्वाइंट सेक्रेटरी मनोज वर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष अजय सिंह एवं समस्त यूनियन कार्यकारिणी व भारी संख्या में महिलायें भी उपस्थित रही।

## लोकसभा चुनाव में सपा को मजबूती देने में जुटे अभिषेक मिश्रा क्षेत्रवासियों से संपर्क कर बताई समाजवादी पार्टी की नीतियाँ

- शिवपुरा ब्लाक के तुलसीपुर में अभिषेक मिश्रा मुन्ना भैया ने किया जनसंपर्क, कहा - हर वर्ग, हर समुदाय के हित में है समाजवादियों की सोच

**द अचीवर टाइम्स/प्रभात तिवारी**



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के करीब आते ही देश में चुनावी गतिविधियां तेज होने लगी हैं, श्रावस्ती लोकसभा सीट भी इससे अछूती नहीं है। समाजवादी पार्टी के कद्दावर युवा नेता अभिषेक मिश्रा मुन्ना भैया लगातार क्षेत्र संपर्क कर सपा को मजबूती प्रदान करने में लगे हुए है। मंगलवार को अभिषेक मिश्रा ने शिवपुरा ब्लाक के तुलसीपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से संवाद किया और लोगों की समस्याओं को जाना साथ ही लोगों को समाजवादी पार्टी के विजन और विकास नीति के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी जन - जन की पार्टी है, समाजवादियों की विकासवादी सोच हर वर्ग, हर समुदाय के हित में है। क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए अभिषेक मिश्रा ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर बढ़ रहे अत्याचार भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजागर जैसे बुनियादी सवाल से भटकाने के लिए भाजपा लोगों को धर्म, जात और समुदाय के नाम पर लड़ाने का काम कर रही है। इस भ्रष्ट और नफरत की राजनीति को टक्कर देने के लिए समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में मजबूती से लड़ेगी। अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराकर लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी।

## थाना पिहानी पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बरामद 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**



**हरदोई।** अपराध नियन्त्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन मे चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी हरियावां के नेतृत्व में थाना पिहानी पुलिस टीम द्वारा भारी मात्रा में अवैध शस्त्र (05 अवैध तमचे, 04 अर्द्धनिर्मित तमंचे, 05 जिंदा व 02 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 12 बोर) तथा शस्त्र बनाने की फैक्ट्री (उपकरण) का खुलासा करते हुए 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।थाना पिहानी पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग हेतु थाना क्षेत्र के सहादतनगर में मौजूद थे तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम जहानीखेडा में पिहानी रोड के निकट सीतापुर-शाहजहाँपुर रेलवे पटरी के किनारे अर्जुन के पेड़ों के बीच में बनी झोपडी में 02 व्यक्ति अवैध शस्त्रों का निर्माण कर रहे है. इस सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर वहां पर मौजूद 02 व्यक्तियों (जोकि कोयले की भट्टी चला रहे थे एवं हथौडी की सहायता से लोहे को पीट रहे थे) को आज पकड़ लिया गया । पकड़े गए व्यक्तियों से उनका नाम व पता पूछने पर कल्लू उर्फ बबलू पुत्र ओमप्रकाश उम्र करीब 25 वर्ष नि0ग्रा0 मगरापुर थाना पिहानी व अशोक पुत्र खेमकरन उम्र करीब 45 वर्ष नि0ग्रा0 गुलरहा थाना पिहानी, हरदोई ज्ञात हुआ एव उनकी जामातलाशी व घटनास्थल से दो तमंचे 315 बोर, तीन तमंचे 12 बोर, चार अर्धनिर्मित तमंचे, 03 जिंदा कारतूस व 02 खोखा कारतूस 315 बोर, 02 जिंदा कारतूस 12 बोर, भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गए। दोनों अभियुक्तों से बरामद अवैध शस्त्रों व शस्त्र निर्माण करने के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 07/24 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियुक्तों को उनकी जुर्म व धाराओं से अवगत कराते हुए माननीय न्यायलय के समक्ष पेश किया जा रहा है । दोनों अभियुक्तों द्वारा अभितक अवैध असलहे बनाकर किन-किन व्यक्तियों को बेचा है, इस संबंध में जानकारी कर सत्यता के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम का किया गया आयोजन

**द अचीवर टाइम्स निशांत शुक्ला**



**हरदोई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम विकास खण्ड बिलग्राम के ग्राम काईमऊ कुवरियापुर व हसनापुर में माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती जी द्वारा यात्रा कार्यकम का शुभारम्भ किया गया। माननीय अध्यक्ष जी द्वारा कार्यकम स्थल पर कृषि, आगनवाडी, स्वास्थ्य विभाग के स्टालो का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। इसको ध्यान में रखते हुये माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कई योजनाये संचालित की गई। पी0एम0 किसान योजना देकर किसानो का सम्मान बढाया है। तो वहीं उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन व सिलेण्डर देकर महिलाओं का भी सम्मान बढाया गया है तो वहीं आयुष्मान कार्ड योजना से गरीबो का निशुल्क उपचार हो रहा है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। यात्रा कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। उनके द्वारा केन्द्र व राज्य सरकर द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। विकास खण्ड भरखनी के ग्राम मान नगला में माननीय विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। उनके द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि गरीबों, महिलायों, किसानो, नौजावानो के उत्थान हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा। किसान आधारित प्रदेश में जब किसान खुशहाल होगा तब देश खुशहाल होगा। इस हेतु समस्त अधिकारी/कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर समस्त पात्र व्यक्तियो को समस्त योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होने कहा कि विगत कई दशकों से जो कार्य नहीं हुये थे। वो कार्य माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा कराये गये है। यात्रा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ दिलवाई गयी। यात्रा कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड बेहन्दर के ग्राम बेहसर व गौरी सयैद में माननीय विधायक रामपाल वर्मा जी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया । माननीय विधायक जी द्वारा बताया गया कि यह कार्यकम समस्त योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने के उद्देश से चलाया जा रहा है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित कराया गया है। मिशन शक्ति के तहत देश की आधी आबादी के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु उज्वला योजना, बेटी पढ़ाओं, कन्या सुमंगल, आयुष्मान भारत व अन्य योजनाए संचालित की गई है। माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा फसल बीमा योजना चलाई गई जिसमें प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानो को उनकी फसल खराब होने की दशा में 72 घण्टे में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्राप्त होती है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी । कार्यकम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड हरपालपुर के ग्राम बेडीजार व परचौली माननीय ब्लाक प्रमुख अनोख लाल कश्यप जी द्वारा यात्रा कार्यक्रम का स्वागत किया गया । कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड शाहाबाद के ग्राम परेली में माननीय ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा जी द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। विकास खण्ड शाहाबाद के ही ग्राम बरी में, विकास खण्ड भरखनी के ग्राम बघेला में, विकास खण्ड टोडरपुर के ग्राम सुरजीपुर, भदोहना, सराय चक व जमालपुर में विकास खण्ड हरियावां के ग्राम हरियावां, गदाईपर, पुरवा हफीजुद्दीनपुर व जरेली में, विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम बाने कुईया व एकधरा में, विकास खण्ड कोथांवा के ग्राम नेवादा लोचन व ममरेजपुर, विकास खण्ड कछौना के ग्राम ज्ञानपुर व कामीपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यकम आयोजित किये गये। जन प्रतिनिधियों/मुख्य अतिथियों द्वारा कृषि, स्वास्थय, ग्राम्य विकास, आगनबाडी एवं अन्य विभागो द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाल कार्यकम के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे, जिसमें ग्राम वासियों की एनीमिया की जांच, शुगर की जांच, बी0पी0 की जांच और अन्य चिकित्सा स्वास्थ्य की जांच निशुल्क की गयी और निशुल्क दवा भी वितरित की गयी। माननीय मुख्य अतिथि जन प्रतिनिधियों द्वारा पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी कृषको को प्रमाण पत्र/स्वीकृत पत्र वितरित किये गये। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम में कृषि विभाग के कार्मिको द्वारा पीएम किसान योजना के अन्तर्गत ई-केवाईसी, भूलेख अंकन, केसीसी एवं नये पंजीकरण मौके पर कराये जा रहे है। कृषको को श्री अन्न (मिलेट्स) के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना की जानकारी भी दी गई। कृषको को रबी की फसलों की तकनीकी जानकारी के साथ फसलो की लाइन से रोपाई एवं बुबाई के लिये प्रेरित किया गया। कृषको को प्रमाणित बीजो के बारे में जानकारी दी गई उपरोक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खाद्य आदि विभागों के कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नज़र

### दीदी स्मृति ईरानी की ओर से ठंड मे बांटे गए कम्बल

**द अचीवर टाइम्स समर बहादुर सिंह**



**तिलोई (अमेठी)।** अमेठी की सांसद माननीय दीदी स्मृति ईरानी की ओर से शाहमऊ की न्याय पंचायत के सात ग्रामसभा के लोगो को बांटे गए कम्बल। ठंड मे कम्बल पाकर लोगो के चेहरे खिले। मौके पर उपस्थिति सहयोगी गण,शाहमऊ न्याय पंचायत कोऑर्डिनेटर राजेन्द्र मौर्य, राजेश सोनी बी एल सी सी शाहमऊ , समर बहादुर सिंह, बी एल सी सी, भागीरथपुर व अरुण कुमार गुप्ता , सुरेश कुमार गुप्ता, अगौना बी एल सी सी, श्रवन कुमार, तामामऊ बी एल सी सी , राजेश कुमार वर्मा, बी एल सी सी व अन्य सभी सहयोगियों की उपस्थिति में शाहमऊ न्याय पंचायत के लाभार्थियों को कम्बल वितरित किए गये।

### अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी तेज

**अयोध्या।** भगवान राम लला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह, सजाया जा रहा है अयोध्या, अयोध्या गोरखपुर हाईवे पर बने सभी फ्लाईओवर के किनारे बनाए जा रहे हैं भित्ति चित्र, मध्य प्रदेश से पहुंचे चित्रकार फ्लाईओवर के दोनों किनारो पर रामायण पर आधारित बना रहे हैं भित्ति चित्र, राम जन्म राम वन गमन सीता हरण लंका दहन राम को बेर खिलाती शबरी महर्षि वाल्मीकि तुलसीदास के बनाए जा भित्ति चित्र, श्रद्धालु जब पहुंचे अयोध्या तो उन्हें लगे वे है रामनगरी अयोध्या में ।

### किसान यूनियन अराजनैतिक कलेक्टर गेट का घेराव कर सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक किसान संगठन ने पैदल मार्च कर गन्ना और झंडा लेकर कलेक्टर गेट का घेराव कर एसडीएम सदर के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री जी को सौंपा ज्ञापन 25 अक्टूबर 2023 को यूको गार्डन लखनऊ किसान महापंचायत मे लाखों किसनो की भीड़ इकट्ठा हुई थी किसान अपने हक पर अड़े थे तब मुख्यमंत्री जी ने किसानों से बैठक कर समस्या सुनी और कहां की आने वाले 2023,24 मे गन्ने का रेट बढ़ा दिया जाएगा और किसानों के ट्यूबवेल की बिल माफ कर दिया जाएगा लेकिन मुख्यमंत्री जी आज तक अपने वादे पर ख़रे नहीं उतरे जबकि कई प्रदेशों में गन्ने का रेट बढ़ा दिया गया है और किसानों के नलकूप की बिल माफ कर दी गई है लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार अभी तक किसानों के हित के लिए कोई कदम नहीं उठाया आज जिला अध्यक्ष अरविंद यादव की अध्यक्षता में कलेक्टर गेट के सामने ज्ञापन सौंपा गया और वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि सरकार गन्ने का रेट ?500 कुंतल घोषित करे । आंदोलन कारियों में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष देवनारायण सिंह वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद प्रदेश सचिव जगतपाल सिंह युवा जिला अध्यक्ष अनूप पांडे नकुल महिला जिला अध्यक्ष सविता मौर्या जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम अजय यादव राजू बाबा रेखा रावत राजमणि यादव लाजवती रामप्यारी धुरिया सुनील यादव जवाहरलाल तिवारी श्रीनाथ वर्मा राजू निषाद काशीराम दादा मगरू राम दादा रामबचन मौर्य राकेश यादव आसमा बेगम रमेश गुड़िया गोल्डी चौधरी आदि सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### अयोध्या में कमिश्नर गौरव दयाल की अध्यक्षता में हुई बैठक

**अयोध्या।** मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग एवं अन्य कार्यदाई विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रामपथ,भक्ति पथ,जन्मभूमि पथ सहित अन्य विभिन्न कार्यो के फिनिशिंग से संबंधित कार्यों के सम्बंध में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा मा0 प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम से पूर्व विभिन्न पथो के निर्माण कार्यो को पूर्ण किए जाने पर सराहना की तथा कहा कि भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व फिनिशिंग एवं पथ सौंदर्यता से संबंधित जो भी कार्य शेष हैं उनको शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि रामपथ में जल निगम व पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से सभी सीवर लाइन के मैनहोल सहित अन्य का निरीक्षण कर लें जो भी कमियां हो उन्हें तत्काल दुरुस्त कर लें जिससे की बरसात के दौरान पथ में कहीं भी जल भराव की स्थिति न उत्पन्न होने पाये।उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम पथ पर फुटपाथ व कैरेज वे के बीच में रेलिंग लगाई जानी है इस हेतु सभी तैयारियां कर लिया जाए।भक्ति पथ पर जो भी बिजली के मीटर लगाए जाने हैं उनको बेहतर ढंग से अच्छे प्रकार से लगाया जाए जिससे वह देखने में बेतरतीब न लगे ।मण्डलायुक्त ने कहा कि जन्मभूमि पथ पर कैनेपी निर्माण तथा पत्थर घिसाई के जो भी कार्य शेष हैं उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। बैठक में मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता सहित अन्य कार्यदाई विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

### स्नातक सेमेस्टर की परीक्षा में 60 हजार 55 परीक्षार्थी शामिल रहे

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चल रही स्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षा शीतकालीन अवकाश के उपरांत मंगलवार को पुनः तीन पालियो में शुरु हुई। विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सात जनपदों के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर तीनों पालियों में 60 हजार 55 परीक्षार्थी शामिल रहे।

## साहब !संतान न होने से पति करता है प्रताड़ित दूसरी महिला से हैं अवैध संबंध, अभियोग पंजीकृत




**निर्मल सैनी द अचीवर टाइम्स**

**लखनऊ।** रहीमाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी के बाद कोई संतान नहीं हुई। इससे नाराज होकर पति प्रताड़ित करता है साथी ही दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध का भी आरोप लगाया है। मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत अहिडंर मजरा राईहार निवासी शिवराजा पत्नी छत्रपाल का आरोप है। कि उसका विवाह 28 वर्ष पूर्व हुआ था विवाह के बाद से उसे कोई संतान नहीं हुई। संतान की प्राप्ति ना होने से उसका पति छत्रपाल तथा सास जगराना उसे आये दिन शारीरिक तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करती रही। आरोप है कि उसके पति के किसी दूसरी महिला से अवैध संबंध हैं। बीती एक जनवरी को उसने हद पार कर दी छत्रपाल ने पत्नी के साथ काफी मारपीट की जिससे उसके शरीर में कई जगह चोट के निशान हैं। साथ ही पति धमकी देता था कि अगर थाने गई तो जान से मार दूंगा।बुधवार पीड़िता ने अपने भाई को बुलाया और आप बीती बताते हुए पीड़िता ने अपने पति छत्रपाल व सास जागराना के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अजीत कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति और सास पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अयोध्या सांसद लल्लू सिंह ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**अयोध्या।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अयोध्या में पीएम विश्वकर्मा योजना का शुभारम्भ सांसद अयोध्या लल्लू सिंह द्वारा किया गया। उक्त योजना के उद्देश्यों के बारे में प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अयोध्या श्री मयक मणि शुक्ला ने बताया कि पारंपरिक शिल्पकारों कारीगरों को 5 दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से उनके अन्दर उद्यमिता विकास व डिजिटल लिट्रेसी के विषय में प्रशिक्षित किया जायेगा। साथ ही साथ बताया गया कि उक्त योजना का लाभ 18 विधाओं क्रमशः राजमिस्त्री, नाई, माली, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढई, लोहार, सुनार अस्त्रकार मूर्तिकार, जूता बनाने वाले, नाव निर्माता, टोकरी, चटाई, झाडू बनाने वाले गुड़िया और खिलौना निर्माता आदि के कारीगर व शिल्पकार उठा सकते हैं।

## जिला बदल आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी को कैमोर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश, कटनी।** कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन व , बिजयराघवगढ़ एसडीओपी के.पी. सिंह के मार्गदर्शन पर थाना कैमोर पुलिस द्वारा ग्राम मेहगांव मे मुखबिर की सूचना पर जिला बदल आदेश का उल्लंघन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 188 ताहि के तहत कार्यवाही की है। कार्यवाही का विवरण - दिनांक 02/01/2024 को मुखबिर सूचना के आधार पर थाना कैमोर पुलिस द्वारा कटनी जिला दंडाधिकारी के जिला बदल आदेश का उल्लंघन कर थाना कैमोर क्षेत्र मैं घूम रहा था आरोपी मुस्तफा अली पिता मुश्ताक अली उम्र 22 वर्ष निवासी लालनगर थाना कैमोर को, धारा 188 ताहि के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय विजयराघवगढ़ के समक्ष पेश किया गया , न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। उक्त कार्यवाही में - स उ नि अखिलेश मिश्रा, स उ नि श्याम बिहारी तिवारी, प्र आर 236 कन्हैया सिंह, प्र आर 334 अतुल तिवारी, प्र आर 206 चंद्रभान विश्वकर्मा, आर 739 विनोद, आर 697 अर्जुन सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## पशु चिकित्सालय में तैनात कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर बाराबंकी।** क्षेत्र के सूरतगंज पशु चिकित्सालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर तैनात शरद कुमार ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। उसने बुधवार को अपने साथी से मजाकिया अंदाज में खुदकुशी करने की बात करते हुए अपने कमरे पर गया जहां पर उसने फंदे से लटक कर जान दे दी। काफी समय बीतने के बाद उसके वापस न आने पर साथी पता करने गया तो शव फंदे से लटका देखकर परेशान हो गया। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बता दें कि मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज पशु चिकित्सालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर तैनात शरद कुमार (40) शामली जिले के खंदरौली का मूल निवासी है। वह सूरतगंज कस्बे में ही किराए पर वर्ष 2005 से रहता था। यहीं पर उसने शालिनी से लव मैरिज की थी। शादी के काफी समय बाद भी उनके कोई संतान नहीं थी। तीन माह पहले दोनों में विवाद होने के बाद पत्नी मायके चली गई थी। 10 दिन पहले पत्नी ने पुलिस से संतान न होने को लेकर पति पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। बुधवार की सुबह शरद फोन पर किसी से बात करने के बाद अपने साथी सतीश से मजाकिया अंदाज में खुदकुशी करने की बात कहते हुए कमरे पर चला गया। जहां पर फंदे से लटक के उसने जान दे दी। काफी समय बीतने के बाद शरद के वापस न लौटने पर सतीश पता करने गया तो शव फंदे पर लटकता देखकर परेशान हो गया। इसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी । प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि अभी परिवारीजन मौके पर नहीं पहुंचे हैं। शव को पोस्टमार्टम हाउस में रख दिया गया है।

## क्षेत्र के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को मुख्यमंत्री संबोधित सौंपा ज्ञापन



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता कुन्दन सिंह**

**हसनगंज उन्नाव।** पुरवा के भूलेमऊ निवासी श्रीचंद्र रावत ने सीओ दीपक कुमार सिंह की प्रताड़ना से आहत होकर एसपी आफिस में आत्मदाह करने को मजबूर हो गया था।मामले में सीओ पर एफआईआर दर्ज करने और निलंबन की कार्यवाही करने की मांग को लेकर हसनगंज क्षेत्र के दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं ने अरुण दीक्षित ,राजन शर्मा की अगुवाई में एसडीएम नवीन चंद्र को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि सीओ दीपक कुमार सिंह कि कार्यशैली सरकार विरोधी कार्य करने की रहती हैं।वह पीड़ितो का शोषण करते हुए आरोपियों को बचाने का काम कर अवैध तरीके से धन उगाई करते हैं। श्रीचंद्र के विरोधियों से 3 लाख रुपए लेकर ही पीड़ित को आत्मदाह करने को मजबूर किया।जिसके बावजूद प्रशासन ऐसे भ्रष्ट सीओ को बचाने का प्रयास कर रहा।भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि हसनगंज में तैनाती के दौरान जमकर पीड़ितों का शोषण करते हुए आरोपियों को बचाने का काम करते थे।जिसको निलंबित कर एफआईआर दर्ज की जाए जिससे निष्पक्ष जांच हो सके।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता अरुण दीक्षित,अजीत सिंह,राजन शर्मा,लक्की,गोविंद सिंह,जितेंद्र सिंह,विकास सिंह आदि मौजूद रहे। एसडीएम नवीन चंद्र ने बताया ज्ञापन मिला है मुखमंत्री को भेजा जाएगा।

## शशि प्रभा देवी शिक्षा सदन विद्यालय में लगाया गया मुफ्त चिकित्सा कैम्प



**द अचीवर टाइम्स/समर बहादुर सिंह**

**तिलोई (अमेठी)।** शशि प्रभा देवी शिक्षा सदन विद्यालय (बेरारा कोट) मे,सेवा अस्पताल (sewa hospital) लखनऊ से आए हुए डॉक्टरों द्वारा लगाया गया मुफ्त चिकित्सा कैम्प। इस मुफ्त चिकित्सा कैम्प द्वारा लोगो का इलाज किया गया और जांचे निशुल्क की गई। इस मुफ्त चिकित्सा कैम्प मे तमाम तरह के मरीजों ने अपनी बीमारी की जांचे करवाई और मुफ्त मे दवाइया भी दी गई। इस मुफ्त चिकित्सा कैम्प मे विद्यालय के प्रबंधक मार्तंड प्रताप सिंह व विद्यालय के प्रधानाचार्य निशांत सिंह और सेवा अस्पताल (sewa hospital) लखनऊ से आए हुए डॉक्टर मनीस मिश्रा,छ्रह बबिता जायसवाल,छ्रह माधुरी शर्मा, विजय, आकाश, रजनीश, करन, सुजीत, आदि लोग मौके पर उपस्थिति रहे(

## अयोध्या में 21 एल ई डी वाहनों का अनवरत संचालन जारी

**अयोध्या।** भगवान राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह तक संचालित होंगे 21 एलईडी वाहन, अयोध्या को शासन से मिले 21 एलईडी वाहन, प्रचार एजेंसियो के माध्यम से संचालित होंगे एलईडी वाहन, कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण सांस्कृतिक धार्मिक सीरियल पर आधारित प्रसारित होने कार्यक्रम, 1 दिन में 8 से 9 घंटे तक होगा प्रसारण, अयोध्या शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाई जाएगी एलईडी वैन, गुप्तार घाट, कनक भवन, कारसेवक पुरम, राम कथा संग्रहालय, भजन संध्या स्थल, तुलसी उद्यान, अयोध्या धाम बस अड्डा, नगर निगम कार्यालय के साथ-साथ तहसील मिल्कीपुर बीकापुर रुदौली गोसाईगंज ब्लॉक पूरा बाजार तारुन मया बाजार मिल्कीपुर मवई अमानीगंज सोहावल मसौधा भरत कुंड गोसाईगंज क्षेत्र में भी तैनात किए जाएगे एलईडी वाहन।

## नाली निर्माण में पीली ईट लगाने पर ग्रामीणों में आक्रोश, जांच की मांग


**द अचीवर टाइम्स संवाददाता कुन्दन सिंह**



**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज ब्लाक क्षेत्र के जसमड़ा फिरोजपुर गांव में नाली निर्माण मामले में सचिव प्रधान की मिली भगत से भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गई। सचिव जानकर भी अनजान बने हुए है ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को जानकारी देकर कार्रवाई की मांग की हसनगंज ब्लाक क्षेत्र जसमड़ा फिरोजपुर गांव में असूरन खेड़ा चौराहे से फिरोजपुर गांव को जानी वाली करीब डेढ़ सौ मीटर नाली निर्माण का प्रस्ताव पास हुआ है जिसको लेकर ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर पुरानी बनी हुई नाली पर पीली ईटो से निर्माण करवाना शुरू कर दिया साथ ही मौरंग का मसाला न लगाकर डस्ट का इस्तमाल होने पर ग्रामीणों में अक्रोश व्यक्त हो गया ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी गुलाब चंद्र को नाली में पीली लगाए जाने की सूचना देकर कार्रवाई की मांग की ग्रामीणों ने बताया कि पुरानी नाली पर ही पुरानी दो-दो ईट लगाकर नाली का निर्माण कराया जा रहा है जबकि नाली निर्माण का लाखों रुपए पास हुआ है जिसको सचिव व प्रधान दोनों लोग मिलकर बंदर बाट कर लेंगे। खंड विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने मामला मेरी जानकारी में नही जांच कराकर ही कुछ बता पाएंगे अगर नाली निर्माण में पीली ईट लगाई जा रही है तो सरासर गलत है।

## कोविड के साथ ही बढ़ रहा सीजनल इन्फ्लुएंजा का खतरा

# ये लक्षण जान लीजिए और रखें ज्यादा सावधानी



देहरादून। सोमवार से दून अस्पताल में मरीजों के लिए फ्लू ओपीडी भी शुरू हो गई है। पहले दिन यहां पर 20 मरीजों ने इलाज करवाया। दून अस्पताल के एमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि सीजनल इन्फ्ललुंजा और कोविड के लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। इसमें सर्दी, जुकाम, बुखार और बदन दर्द की समस्या होती है। कोविड के साथ ही सीजनल इन्फ्लुएंजा का खतरा बढ़ रहा है। दून अस्पताल के रेस्पिरेटरी विभाग में आने वाले सभी मरीजों की इन्फ्लुएंजा की जांच की जा रही है। जिले में दो कोविड के मरीज मिल चुके हैं। वहीं, सीजनल इन्फ्लुएंजा के मरीज भी लगातार बढ़ रहे हैं। अब तक पांच से अधिक इन्फ्लुएंजा ए के मरीज आ चुके हैं। ऐसे में सोमवार से दून अस्पताल में मरीजों के लिए फ्लू ओपीडी भी शुरू हो गई है। पहले दिन यहां पर 20 मरीजों ने इलाज करवाया। दून अस्पताल के एमएस डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि सीजनल इन्फ्ललुंजा और कोविड के लक्षण लगभग एक जैसे होते हैं। इसमें सर्दी, जुकाम, बुखार और बदन दर्द की समस्या होती है। हालांकि कुछ मरीजों में यह ज्यादा और कम हो सकता है। इसके लिए अलर्ट रहने की जरूरत होती है। ऐसे में मरीज को आइसोलेशन की जरूरत होती है। अस्पताल में खांसी, जुकाम और बुखार के मरीजों की इन्फ्लुएंजा जांच की जा रही है। फ्लू ओपीडी में दिखाने के बाद मरीज को संबंधित विभाग में इलाज के लिए भेजा जाएगा। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. सीएस रावत ने बताया कि सोमवार को कोविड का कोई नया मरीज नहीं मिला है। सोमवार को 11 मरीजों की आरटीपीसीआर जांच हुई थी सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

**सी केटेगिरी होने पर मरीज की हालत हो सकती है गंभीर**

इन्फ्लुएंजा ए और बी में खतरा नहीं डॉ. अनुराग अग्रवाल ने बताया कि 2009 में स्वाइन फ्लू आया था। उस समय कुछ मरीजों की मौत भी हुई थीं। इसके बाद इस बीमारी को सरकार ने तीन, चार साल तक फॉलो किया। इसके बाद इसमें मौत कम होने लगीं। इसके बाद इसको सीजनल इन्फ्लुएंजा की श्रेणी में डाल दिया गया। इन्फ्लुएंजा के ए, बी और सी केटेगिरी में ए और बी खतरनाक नहीं होता है। सी केटेगिरी होने पर मरीज की हालत गंभीर हो सकती है। हालांकि किसी भी बीमारी से पहले जांच जरूरी होती है।

**डरे नहीं, घातक नहीं है सीजनल इन्फ्लुएंजा**

स्टेट सर्विलांस अधिकारी डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने यह क्लियर किया कि स्वाइन फ्लू वायरस अब सीजनल इन्फ्लुएंजा यानी मौसमी जुकाम बुखार है। अधिकतर मरीजों में यह मामूली जुकाम-बुखार की तरह ही होता है। लक्षण बढ़ने पर डॉक्टरी परामर्श के बाद ही दवा लेनी चाहिए।

### यह सावधानी बरतें

- किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें।
- मरीज को आइसोलेट कर दें
- मरीज की इस्तेमाल की हुई चीजें इस्तेमाल न करें।
- मरीज के खांसने और छींकने से यह संक्रमण फैल सकता है।
- डॉक्टर से सलाह लें।

### लक्षण

- सिर दर्द
- खांसी
- जुकाम, गले में खराश
- बुखार और ठंड लगना
- बदन दर्द
- थकान और कमजोरी
- जी मिचलाना
- निमोनिया
- सांस की समस्या

## स्वामी लक्ष्मणानंद हत्याकांडः हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को यह बताने का निर्देश दिया कि क्यों नहीं करायी जाये सीबीआई जांच



संवाददाता

**भुबनेश्वर।** माननीय उच्च न्यायालय ने स्वामी लक्ष्मणानंद हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की घोषणा कर दी है. हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है. सीबीआई ने जांच दावे के संबंध में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है. मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी.माननीय उच्च न्यायालय ने यह बताने का आदेश दिया है कि क्यों न इसकी सीबीआई जांच करायी जाये ।हाई कोर्ट ने 5 मार्च तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है. याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में आरोप लगाया कि लक्ष्मणानंद की हत्या साजिश के तहत की गयी है. लेकिन जिस तरह से इस घटना की जांच की गई, उससे असली सच्चाई लोगों के सामने नहीं आ सकी । याचिकाकर्ता ने कहा कि अगर घटना की जांच सीबीआई से कराई जाए तो कई रहस्य खुल सकते हैं । जानकारी के मुताबिक, याचिकाकर्ता ने याचिका में उल्लेख किया है कि 15 अगस्त 2008 को उनके स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती की हत्या से कुछ दिन पहले उनकी सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले सीआरपीएफ जवान को हटा लिया गया था. उस महीने की 23 तारीख की सुबह, ओडिशा पुलिस के सभी कर्मचारी जो उनकी सुरक्षा के प्रभारी थे, छुट्टी पर चले गए। और उसी शाम 15 लोगों ने लक्ष्मणानंद की हत्या कर दी. अगले ही दिन पुलिस महानिदेशक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि लक्ष्मणानंद की हत्या माओवादियों ने कर दी है.

## एक नज़र

### ग्राम जमुनिया में किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

संवाददाता शहडोल विजय कुमार विश्वकर्मा कि रिपोर्ट



**शहडोल।** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में आज जिले के जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत जमुनिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। आयोजित यात्रा के दौरान पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ के भी वितरण किये गये। साथ ही आईईसी वैन के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया गया।

### हमने शिवराज सिंह चौहान को वोट दिया था एमपी में इन महिलाओं का प्रदर्शन बढ़ा देगा मोहन यादव की टेंशन




**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले की महिलाओं ने बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने नारे लगाए की उन्होंने शिवराज सिंह चौहान के कारण बीजेपी को वोट दिया था। उन्हें फिर से शिवराज सिंह चौहान चाहिए। महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की। बता दें कि बीजेपी ने इस बार मोहन यादव को सीएम बनाया है। शिवराज सिंह चौहान अब मध्यप्रदेश के सीएम नहीं हैं लेकिन फिर भी उनकी डिमांड है। शिवपुरी शहर की वार्ड क्रमांक 30 की महिलाओं ने मध्यप्रदेश में फिर से शिवराज मामा की डिमांड की है। शिवपुरी में बिजली नहीं मिलने से परेशान महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर नाराजगी जताई है। महिलाओं का कहना था कि विधानसभा चुनाव में उन्होंने %मामा% को वोट दिए। लाडली बहना के नाते मामा शिवराज को वोट दिए लेकिन अब उन्हें लाइट नहीं मिल रही है। प्रदर्शन करने वाली महिलाओं का कहना था कि बिजली विभाग वाले उनकी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। महिलाओं का कहना था कि उन्होंने भाजपा को फिर से सत्ता में लाकर क्या कोई गलती कर दी। प्रदर्शन कर रही इन महिलाओं ने मध्यप्रदेश में फिर से शिवराज मामा की डिमांड करते हुए उन्हें वापस लाने के नारे लगाए।

**15 दिन से बिजली व्यवस्था ठप**

शिवपुरी के वार्ड क्रमांक 30 सईसपुरा में रहने वाली महिलाएं पिछले 15 दिन से बिजली नहीं मिलने से परेशान हैं। मंगलवार को इन महिलाओं ने अपने मोहल्ले में प्रदर्शन किया और घरों से बाहर निकलकर नारेबाजी की। महिलाओं का कहना था उनके क्षेत्र में 15 दिनों से बिजली व्यवस्था ठप्प पड़ी हुई है। सईसपुरा क्षेत्र के चीरा बाबा मंदिर के पीछे रहने वाली महिला हेमा बाथम ने बताया कि उनके क्षेत्र में 50 से अधिक घरों की बिजली सप्लाई बंद पड़ी हुई है। बिजली नहीं होने से उनके बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। साथ ही उन्हें घर के काम करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**महिलाएं बोलीं- शहर में गांवों से भी बुरा हाल-**

महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि हमारे वार्ड में बिजली नहीं होने से यहां पर गांवों से भी बुरा हाल है। स्थानीय निवासी महिला हेमा बाथम ने बताया उनके क्षेत्र का बिजली का ट्रांसफॉर्मर खराब हो गया था। जिसे बिजली विभाग द्वारा बदल दिया गया था, लेकिन बदले हुए ट्रांसफॉर्मर से उन्हें बिजली नहीं मिल पा रही है। महिलाओं का आरोप है कि उनके क्षेत्र में बिजली विभाग ने खराब ट्रांसफार्मर को लगा दिया गया है जिससे उन्हें बिजली की सप्लाई नहीं मिल पा रही है।

### सीआरआई में बनेगी बीएसएल-3 लैब, वायरस का लगेगा पता, केंद्रीय मंत्री ने किया वर्चुअल शिलान्यास


**शिमला।** मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने वर्चुअल माध्यम से बीएसएल लैब का शिलान्यास किया। इस मौके पर वर्चुअल माध्यम से राज्य स्वास्थ्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और भारती परवीन पवार भी जुड़े। केंद्रीय अनुसंधान संस्थान (सीआरआई) कसौली में बायो सेफ्टी लेवल तीन (बीएसएल थ्री) प्रयोगशाला स्थापित होगी। इस लैब के माध्यम से भविष्य में आने वाले नए वायरस और बैक्टीरिया का वैज्ञानिक शोध करेंगे। यह शोध स्वास्थ्य के क्षेत्र में अहम भूमिका निभाएंगे और जल्दी ही दवाएं भी निर्मित की जा सकेंगी। मंगलवार को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने वर्चुअल माध्यम से बीएसएल लैब का शिलान्यास किया। इस मौके पर वर्चुअल माध्यम से राज्य स्वास्थ्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और भारती परवीन पवार भी जुड़े। जबकि सीआरआई में शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप मौजूद रहे। लैब स्थापित होने के साथ ही यह कार्य करना शुरू कर देगी। इस लैब में भविष्य में आने वाले खतरनाक वायरस का अनुसंधान करना आसान होगा। लैब को लगाने के लिए केंद्र सरकार और स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने बीते वर्ष मंजूरी दी थी। खास बात यह है कि प्रदेश की यह पहली लैब होगी। लैब में आधुनिक मशीनों को लगाया जाएगा। जिसमें अनुसंधान कार्य को आसानी से पूरा किया जा सकेगा। अभी तक किसी भी वायरस का पता लगाने का कार्य दिल्ली लैब में किया जाता था।

## अयोध्या विधायक ने अपने पिता की पुण्यतिथि पर गरीबों को भोजन करा दिया कंबल

संवाददाता

**अयोध्या।** स्व0 डॉक्टर कांतिलाल गुप्ता की पुण्यतिथि आज नयाघाट अयोध्या पर भोजन करा जरूरतमंदो को कंबल वितरण के साथ संपन्न हुई। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के स्वर्गीय पिता डॉक्टर कांतिलाल गुप्ता प्रसिद्ध होम्योपैथिक डॉक्टर के रूप में कार्यरत रहे और समाज के गरीबों, निचले तबके की हर संभव सहायता करते रहे। उन्होंने अपने जीवन काल में हजारों मरीजों का निशुल्क इलाज कर मानवता ही सेवा है का ध्येय चरितार्थ किया। नयाघाट पर आयोजित पुण्यतिथि में सैकड़ो गरीबों को भोजन कराया गया, तत्पश्चात जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किया गया।इस अवसर पर बोलते हुए नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि हमें हमेशा अपने पूर्वजों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताएं रास्ते पर चलना चाहिए, क्योंकि घर के जो वृद्ध होते हैं उनमें हमसे आपसे ज्यादा अनुभव होता है और उनके अनुभव के द्वारा हम अपने सामाजिक ताने-बाने को अच्छे से बुन सकते हैं। उन्होंने युवाओं को नसीहत देते हुए कहा कि सदैव अपने परिवार के बुजुर्गों की सम्मान करते हुए सेवा करनी चाहिए क्योंकि जीवन भर वह आपको पालते हैं, वृद्धावस्था में हमें उनकी देखभाल करनी चाहिए।इस अवसर पर उपस्थित कई वरिष्ठ भाजपा नेताओं, समाजसेवियों या नागरिकों ने डॉक्टर कांतिलाल जी से संबंधित विचार प्रस्तुत किये व उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का अक्षत पूजन जारी



संवाददाता

**अयोध्या।** भगवान राम लला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह, पूजित अक्षत वितरण का आज दूसरा दिन, भाजपा विहित व संघ के लोग पूजित अक्षत का कर रहे वितरण, करिअप्पा मार्ग रेतिया नियावां रिकाबगंज होते हुए निकाली गई पूजित अक्षत कलश यात्रा, कलश यात्रा में सैकड़ो महिलाएं हुई शामिल, पूरे देश में प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण देने घर-घर जाएंगे राम भक्त, 15 जनवरी तक चलेगा अभियान, 22 जनवरी को आनंदवोत्सव मनाने की अपील, अपने गांव मोहल्ले में स्थित किसी मंदिर में करें भजन कीर्तन, सुबह 11ः00 बजे से दोपहर 1 बजे तक भजन कीर्तन करने की अपील, समारोह को ऐतिहासिक बनाने के लिए 5 लाख से अधिक गांव, 4000 से अधिक शहरी इलाकों में पूजित अक्षत का होगा वितरण।

## क्ष्य ने उंगली पर बता दी नीतीश-लालू की सियासी हैसियत, कांग्रेस के लिए कह दी बड़ी बात




संवाददता

**पटना।** इंडिया गठबंधन की जब से चौथी बैठक दिल्ली में हुई है, तब से ही बयानबाजी का दौर जारी है। बताया जा रहा है कि इस मीटिंग में नीतीश कुमार के संयोजक नहीं बनाए जाने से वो नाराज हैं। हालांकि, नीतीश कुमार ने इसे खारिज किया था। अब नया डेवेलपमेंट है कि नीतीश कुमार को संयोजक बनने का ऑफर मिल सकता है। इसे लेकर कभी नीतीश कुमार के लिए जीत की रणनीति बनाने वाले प्रशांत किशोर ने तंज कसा है। इंडिया गठबंधन की दिल्ली में हुई बैठक के बाद नाराज बिहार के सीएम नीतीश कुमार को मनाने की चर्चा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतीश कुमार की अहम भूमिका को देखते हुए गठबंधन का संयोजक बनाया जा सकता है। इसी बीच, चर्चित चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि जदयू का राष्ट्रीय राजनीति में कोई महत्व नहीं है। जदयू को कौन पूछ रहा है? ये तो अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने वाली बात है।

**जदयू को कौन पूछ रहा है?**

प्रशांत किशोर ने मंगलवार को कहा कि जो विपक्ष की राजनीति है, उसमें सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है, हारे या जीते ये अलग बात है। दूसरी टीएमसी है और तीसरे नंबर पर डीएमके है। जदयू को कौन पूछ रहा है? उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि राजद अध्यक्ष लालू यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नीतीश कुमार बनेंगे। जिस पार्टी का जीरो सांसद है, वो बता रहा है कि देश का प्रधानमंत्री कौन होगा? जिसके अपने दल के सिर्फ 42 विधायक हैं, वो बता रहा है कि देश का नेता कौन होगा?

**42 विधायकों की लंगड़ी सरकार**

दरभंगा में जन संवाद के दौरान प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि बिहार के लोगों को नीतीश कुमार बहुत बड़े नेता दिखते हैं। हकीकत है कि 42 विधायकों की लंगड़ी सरकार चलाने वाले दल के नेता, जो कभी उछलकर कमल के साथ, तो कभी लालटेन के साथ चले जाते हैं। जिन्हें खुद पर भरोसा नहीं है कि कब वो कहां रहेंगे, उनको देश में कौन नेता बना रहा है?

**नीतीश कुमार के टच में खरगे**

दरअसल, इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक के बाद नीतीश कुमार के तेवर गठबंधन और कांग्रेस को लेकर बदले हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सीएम नीतीश कुमार के टच में है। इंडिया गठबंधन का संयोजक बनने का ऑफर दिया जा सकता है। इसके साथ ही सोनिया गांधी नीतीश कुमार से दिल्ली में मुलाकात करने के लिए बुला सकती हैं। हालांकि, इसको लेकर सवाल है कि कांग्रेस की तरफ से दिया गया ऑफर नीतीश कुमार स्वीकार करेंगे या नहीं?

## कलेक्टर शहडोल दागना कुप्रथा रोकने जागरूकता अभियान चलाने दिए निर्देश

प्रमुख संवाददाता शहडोल विवेक दुबे कि रिपोर्ट



**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय विराट सभागार में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में खराब ट्रांसफार्मरों को चिन्हित कर उसे बदलने की कार्यवाही करें जिससे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि दागना कुप्रथा को रोकने जागरूकता अभियान चलाया जाए और गांव-गांव भ्रमण कर नवजात शिशुओं की निमोनिया सहित अन्य स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में संचालित विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन गुणवत्तायुक्त होना चाहिए तथा मैदानी अधिकारी सतत रूप से स्कूलों का भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सभी पात्र हितग्राहियों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें एवं विभागों द्वारा यात्रा के दौरान स्टॉल लगाए जाए। बैठक में कलेक्टर ने पीएचई विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि नल जल योजना के तहत घर-घर पानी सुगमता से उपलब्ध हो यह सुनिश्चित किया जाए व नल जल योजना के तहत किये गए कार्य को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं। कलेक्टर ने खाद्य विभाग, विद्युत विभाग, पंचायत विभाग सहित अन्य विभागों में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने विभागवार सी.एम. हेल्पलाइन के लंबित शिकायतों का निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोमोनुस टोप्पो, मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री राजेश जैन, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती एन्टोनियो एक्का, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर श्री अरविन्द शाह एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ट्रक चालकों की हड़ताल को लेकर एक्शन में छत्तीसगढ़ सरकार

# अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई, सीएम ने दिए सख्त निर्दे

संवाददाता



**रायपुर।** ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति बनाये रखने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की किल्लत नहीं होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ट्रक चालकों की हड़ताल को देखते हुए आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति के लिए आज मंगलवार को प्रदेश के संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कई सख्त निर्देश दिए हैं। सीएम साय की इस बैठक में मुख्य सचिव, डीजीपी, कमिश्नर, आईजी, कलेक्टर, एसपी और अन्य अधिकारी मौजूद हैं। ट्रक चालकों की देशव्यापी हड़ताल को देखते हुए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति बनाये रखने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की किल्लत नहीं होनी चाहिए।

**अफवाह फैलाने पर होगी कार्रवाई**

सीएम ने कानून व्यवस्था को देखते हुए कहा कि जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में रहे। अन्यथा स्थिति में सीधे कलेक्टर-एसपी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी न फैलने पाए, जनता तक सही जानकारी पहुंचे। इसके साथ ही अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर कार्रवाई की जाए।

**दूसरी ओर रायपुर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे बैठक ली**

भारी वाहन चालकों की हड़ताल से बनने वाली परिस्थितियों पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे सहित प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट पर है और स्थितियों की लगातार समीक्षा की जा रही है । जिले के पेट्रोल पंपों में अभी पर्याप्त स्टॉक आम जनों के उपयोग के लिए उपलब्ध है। लोगों को अफवाहों पर ध्यान ना देने और जरूरत के हिसाब से ही वाहनों में ईंधन भरवाने की अपील की है। ईंधन की निरंतर आपूर्ति के लिए जिला अधिकारी लगातार ऑयल वितरण कंपनियों से संपर्क में है और रायपुर जिले के सभी पेट्रोल पंपो में ऑयल कंपनियों को ओर से निरंतर डीजल-पेट्रोल की आपूर्ति की जा रही है। वितरण कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आगे भी जनहित और जन उपयोग के लिए ईंधन की आपूर्ति किसी भी स्थिति में बाधित नहीं होने का आश्वासन प्रशासन को दिया है।

**कलेक्टर ने जनता से अपील**

कलेक्टर ने राजधानी की जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार पेनिक ना हो, किसी भी प्रकार के अपवाहों पर ना ध्यान दें और पेट्रोल-डीजल का अतिरिक्त स्टॉक ना रखें। जितनी आवश्यकता हो उतना ही लें पंपो में बेवजह भीड ना लगाए। अनावश्यक रूप से स्टॉक करने से पेट्रोल-डीजल की कमी हो सकती है। उन्होने कहा कि इस संबंध में ऑयल कंपनियों से चर्चा की गई। उन्होंने आस्वस्त किया है कि सभी पेट्रोल पंपो में हडताल के कारण आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा नही आएगी।

# बवासीर में नहीं आएगी सर्जरी की नौबत, आंतों की गंदगी निकालेंगी फाइबर से भरी 10 चीजें



सुस्त जीवनशैली और खराब खान-पान की वजह से पाइल्स यानी बवासीर की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। बवासीर में गुदा के आसपास या मलाशय के निचले हिस्से में नसों में सूजन हो जाती है जिसकी वजह से मलत्याग के दौरान दर्द और जलन होती है और कई बार खून भी आ सकता है। बवासीर दो तरह की होती है बादी जिसमें नसें फूल जाती हैं और खूनी जिसमें खून आता है।

**बवासीर से बचने के उपाय क्या हैं?**

बवासीर कोई भी हो यह आपका सामान्य जीवन बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। वैसे तो यह समस्या खुद ठीक हो जाती है लेकिन कई बार स्थिति गंभीर होने पर सर्जरी की नौबत आ सकती है। अगर आप इस स्टेज से बचना चाहते हैं, तो आपको अपने खाने में बदलाव करना चाहिए।

**बवासीर होने पर क्या खाएं?**

ऐसा माना जाता है कि खाने में फाइबर की कब्ज या बवासीर का बड़ा कारण बनती है। फाइबर पाचन को बेहतर बनाता है, मलत्याग को बढ़ावा देता है और कब्ज या बवासीर के लक्षणों को कम करता है। बवासीर का इलाज करने के लिए आपको अपने खाने में फाइबर की मात्रा बढ़ानी चाहिए और नीचे बताए फूड्स को डाइट में शामिल करना चाहिए।

**गेहूं का चोकर**

NIH की रिपोर्ट (Ref) के अनुसार, एक कप गेहूं के चोकर में 9.1 ग्राम फाइबर पाया जाता है। इसके लिए आप रेडी-टू-ईट bran cereal खा सकते हैं। इसमें अघुलनशील फाइबर होता है, जो मल को बड़ा बनाता है और इसे त्यागना आसान बनाता है।



**बवासीर के लिए घरेलु नुस्खे**

सूखा आलूबुखारा (Prunes)

सूखा आलूबुखारा फाइबर से भरपूर होता है। सिर्फ आधा कप में लगभग 3.8 ग्राम फाइबर होता है। यह पेट को भरा रखता है। यह कब्ज और मोटापा दोनों को कम करने में मदद कर सकता है, जो बवासीर के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। इसमें फेनोल यौगिक होता है, जो एंटीबैक्टीरियल के रूप में काम करता है, जिससे आंतों में संक्रमण का खतरा कम हो जाता है।

**सेब**

साल 2020 के एक अध्ययन (Ref) के अनुसार, सेब डाइटरी फाइबर का एक बड़ा स्रोत है। एक मीडियम सेब में लगभग 4.4 ग्राम फाइबर होता है। सेब के छिलके में पाए जाने वाले अघुलनशील फाइबर पाचन के दौरान टूटते नहीं हैं और मल को आसान बनाते हैं।



**नाशपाती**

नाशपाती में फाइबर और अन्य यौगिक भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। यह बवासीर के मरीजों के लिए बढ़िया फल है। एक पूरी नाशपाती में लगभग 6 ग्राम फाइबर हो सकता है। नाशपाती में फरुक्टोज भी होता है, जो प्राकृतिक रेचक के रूप में कार्य कर सकता है।

**जौ**

जौ में व-ग्लूकेन नामक फाइबर पाया जाता है, जो कोलन में टूटकर चिपचिपा जेल बनाता है और मल को नरम करता है। शोध से यह भी पता चलता है कि जौ का सेवन पेट के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

**कॉर्न**

एक कप पके हुए स्वीट कॉर्न में लगभग 4.2 ग्राम फाइबर होता है। प्राचीन काल से ही लोग बवासीर के इलाज के रूप में मकई का उपयोग करते आ रहे हैं। इसमें फाइबर के अलावा एंटीऑक्सिडेंट भी होते हैं बवासीर में होने वाले दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं।

**दलिया**

एक कप पके हुए दलिया में लगभग 4 ग्राम फाइबर होता है। दलिया में पाया जाने वाला फाइबर पेट के स्वास्थ्य में सुधार करता है। यह मल को नरम करने में भी मदद करता है। यह पाइल्स के दर्द और जलन को कम करता है।



**दाल और फलियां**

दाल, छोले, लीमा बीन्स और मटर जैसी चीजों में फाइबर की अच्छी मात्रा पाई जाती है। एक कप पकी हुई दाल में लगभग 15.6 ग्राम फाइबर होता है। ऐसा माना जाता है हरी मूंग दाल का सेवन करने से मल बढ़ता है और मल त्याग में आसानी होती है। इनके अलावा साबुत अनाज का ब्रेड, सभी तरह की बेरीज, शकरकंद जैसी चीजों में फाइबर पाया जाता है।

**नोटः-यह लेख केवल सामान्य जानकारी के लिए है। यह किसी भी तरह से किसी दवा या इलाज का विकल्प नहीं हो सकता। ज्यादा जानकारी के लिए हमेशा अपने डॉक्टर से संपर्क करें।**


# पहली पारी में पाकिस्तान ने बनाए 313 रन

## रिजवान-जमाल का अर्धशतक; स्टंप तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 6/0

पाकिस्तान की टीम पहले ही सीरीज हार चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर रखी है। पाकिस्तान की नजर सिडनी टेस्ट को जीतकर सम्मान के साथ स्वदेश लौटने पर है। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का तीसरा और आखिरी मुकाबला सिडनी में बुधवार (तीन जनवरी) को शुरू हुआ। मैच के पहले दिन पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहली पारी में पाकिस्तान की टीम 313 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन खेल समाप्ति तक बिना किसी नुकसान के छह रन बना लिए हैं। डेविड वॉर्नर छह रन बनाकर नाबाद हैं। उस्मान ख्वाजा ने खाता नहीं खोला है। ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 307 रन पीछे है। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद रिजवान ने सबसे ज्यादा 88 रन बनाए। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले आमिर जमाल ने 97 गेंद पर 82 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने नौ चौके और चार छक्के लगाए। पाकिस्तान की टीम एक समय 96 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। यहां से रिजवान और जमाल ने बेहतरीन पारियां खेलीं। जमाल ने 10वें विकेट के लिए मीर हमजा के साथ 86 रन की साझेदारी की। इसमें हमजा ने सिर्फ सात रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस ने सबसे ज्यादा पांच विकेट लिए।

**खाता नहीं खोल पाए पाकिस्तान के दोनों ओपनर्स**

पहले बल्लेबाजी के फैसले से पाकिस्तान को शुरुआती ओवरों में कोई लाभ नहीं हुआ। उसके दोनों ओपनर पहली पारी में खाता नहीं खोल पाए। अब्दुल्ला शफीक को मिचेल स्टार्क ने पहले ओवर की दूसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। अगले ही ओवर में जोश हेजलवुड ने सैम अयूब का शिकार किया। अयूब ने टेस्ट में डेब्यू किया, लेकिन पहली पारी में खाता नहीं खोल पाए। एलेक्स कैरी ने उनका कैच लिया।





**बाबर आजम फिर से फेल**

दो विकेट गिर जाने के बाद बाबर आजम और कप्तान शान मसूद ने मोर्चा संभाला। दोनों ने स्कोरबोर्ड को 39 रन तक पहुंचाया। बाबर 26 रन बनाकर खेल रहे थे, तभी पैट कमिंस की अंदर आती गेंद उनके पैड से जा लगी। अंपायर ने आउट नहीं दिया। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने रिव्यू लिया और फैसला उनके पक्ष में रहा। बाबर पवेलियन लौट गए। उनके आउट होने के कुछ देर बाद ही सऊद शकील भी पवेलियन लौट गए। शकील (पांच रन) को पैट कमिंस ने विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया। बाबर की तरह कप्तान शान मसूद भी अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए। वह 35 रन बनाकर मिचेल मार्श की गेंद पर आउट हो गए। स्टीव स्मिथ ने उनका कैच लिया।

**शतक से चूके रिजवान**

मोहम्मद रिजवान 88 रन बनाकर आउट हो गए। वह शतक नहीं लगा पाए। पैट कमिंस की गेंद पर जोश हेजलवुड ने उनका कैच लिया। रिजवान ने 10 चौके और दो छक्के लगाए। उनके बाद साजिद खान भी कमिंस का शिकार बने। उन्होंने 15 रन बनाए। आगा सलमान ने अर्धशतकीय पारी खेली। वह 67 गेंद पर 53 रन बनाकर आउट हुए। मिचेल स्टार्क की गेंद पर ट्रेविस हेड ने उनका कैच लिया। हसन अली (शून्य) को पैट कमिंस ने मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया। आमिर जमाल को नाथन लियोन ने मिचेल स्टार्क के हाथों कैच कराया।

**टेस्ट सीरीज हार चुका है पाकिस्तान**

पाकिस्तान की टीम पहले ही सीरीज हार चुकी है। ऑस्ट्रेलिया ने तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर रखी है। पाकिस्तान की नजर सिडनी टेस्ट को जीतकर सम्मान के साथ स्वदेश लौटने पर है।

**दोनों टीमों की प्लेइंग-11**

**ऑस्ट्रेलियाः** डेविड वार्नर, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेटकीपर), मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस (कप्तान), नाथन लियोन, जोश हेजलवुड।

**पाकिस्तानः** अब्दुल्ला शफीक, सैम अयूब, शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), आगा सलमान, आमिर जमाल, साजिद खान, हसन अली, मीर हमजा।

# दशहरा पर दिख जाए ये पक्षी तो समझ लीजिए खुलने वाली है किस्मत



**नई दिल्ली।** इस साल 24 अक्तूबर को दशहरा यानी विजयादशमी है। मान्याता है कि त्रेतायुग में आश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के दिन प्रभु श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को उसके चंगुल से आजाद किया था। तब से हर साल इस दिन रावण के पुतले का दहन किया जाता है। दशहरा का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। दशहरे के पर्व को लेकर कई तरह की मान्यताएं प्रचलित हैं। एक मान्यता के अनुसार इस दिन नीलकंठ पक्षी का दर्शन करना भी अत्यंत शुभ होता है। कहते हैं कि दशहरा के दिन नीलकंठ पक्षी के दर्शन से आपके सभी बिगड़े काम सही हो जाते हैं और जीवन में सुख समृद्धि भी आती है। ऐसे में चलिए जानते हैं दशहरा के दिन नीलकंठ का दर्शन करना क्यों शुभ माना गया है और इससे जुड़ी पौराणिक मान्यता क्या है।

## नीलकंठ पक्षी के दर्शन का महत्व

हिंदू धर्म में नीलकंठ पक्षी को बेहद शुभ माना जाता है। दशहरा के दिन इसके दर्शन होने से धन और संपत्ति में बढ़ोतरी होती है। मान्यता है कि दशहरा के दिन किसी भी समय नीलकंठ पक्षी दिख जाए तो इससे घर में खुशहाली आती है और वहीं आप जो भी काम करने जा रहे हैं उसमें सफलता मिलती है।

**दशहरा पर नीलकंठ के दर्शन क्यों शुभ?**

पौराणिक मान्यता के अनुसार जब भगवान श्री राम रावण का वध करने जा रहे थे तो उस दौरान उन्हें नीलकंठ पक्षी के दर्शन हुए थे। इसके बाद भगवान श्री राम को रावण पर विजय प्राप्त हुई थी। इसके अलावा कहा जाता है कि रावण का वध करने के बाद भगवान राम को ब्राह्मण हत्या का पाप लगा था। भगवान श्रीराम ने उस पाप से मुक्ति पाने के लिए शिवजी की आराधना की थी। मान्यता है कि श्रीराम को इस पाप से मुक्ति दिलाने के लिए शिव जी ने नीलकंठ पक्षी के रूप में दर्शन दिया था। तभी से दशहरे के दिन नीलकंठ के दर्शन की परंपरा है। इस दिन नीलकंठ का दिखना शुभ माना जाता है।

**नीलकंठ पक्षी दिखने पर जपें ये मंत्र**

**कृत्वा नीराजनं राजा बालवृद्धयं यता बलम्।**
**शोभनम खंजनं पश्येज्जलगोगोष्ठसंनिधौ।।**
**नीलग्रीव शुभग्रीव सर्वकामफलप्रद।**
**पृथ्वियामवतीर्णोसि खच्चरीट नमोस्तुते।।**

**क्या है नीलकंठ का अर्थ?**

नीलकंठ अर्थात जिसका गला नीला हो। धर्म शास्त्रों के अनुसार भगवान शिव ही नीलकंठ हैं। इसी कारण से इस पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि और स्वरूप दोनों माना जाता है। मान्यता है कि दशहरा पर भगवान शिव नीलकंठ पक्षी का रूप धारण कर विचरण करते हैं। ऐसे में यदि किसी व्यक्ति को दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन होते हैं तो इसे शुभ माना जाता है।

# बदलते मौसम में फटने लगे हैं होंठ तो करें नारियल तेल का इस्तेमाल, मिलेगा इस परेशानी से छुटकारा



अक्तूबर का महीना चल रहा है। ऐसे में सर्दियों ने दस्तक दे दी है। मौसम के करवट बदलते ही लोगों को तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। देखते ही देखते त्वचा में नमी में कमी आने लगी है। इसी के चलते अभी से लोगों ने अपनी त्वचा का खास ध्यान रखना शुरू कर दिया है। देखा जाता है कि इस मौसम में ना सिर्फ ठंडक की वजह से बल्कि प्रदूषण की वजह भी होंठ फटने लगते हैं। जो देखने में बेहद खराब लगते हैं। होंठों को भी त्वचा की ही तरह बदलते मौसम में अतिरिक्त केयर की जरूरत होती है। इसी के चलते आज के लेख में हम आपको एक ऐसी चीज के बारे में बताएंगे, जिसका इस्तेमाल आप घर पर ही कर सकते हैं। दरअसल, हम बात कर रहे हैं नारियल के तेल की, जिसके इस्तेमाल से आपको फटे होंठों से छुटकारा मिल जाएगा।

## नारियल तेल

**बेहद फायदेमंद होता है नारियल का तेल**



अगर नारियल के तेल से मिलने वाले फायदों की बात करें तो इसमें ओमेगा-3 होता है जो कि आपकी स्किन में अंदर से नमी को लॉक करता है। इसके साथ ही ये एक तरह के हीलर की तरह काम करता है, जो होंठों के लिए काफी फायदेमंद होता है। आइए देर ना करते हुए आपको बताते हैं कि आप नारियल तेल का इस्तेमाल कैसा कर सकते हैं।



**नारियल तेल से करें होंठों की मसाज**

अगर आप नारियल के तेल से अपने होंठों पर मसाज करेंगे तो इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा। इससे लिए सबसे पहले टूथ ब्रश को गीला करें और हल्के हाथ से होठों को रगड़ें। इससे होंठों की डेड स्किन निकल जाएगी।

**जैतून के तेल के साथ मिलाएं**

अगर आप जल्दी फटे होंठों से राहत पाना चाहते हैं तो नारियल के तेल में हल्का सा जैतून का तेल मिलाएं। अब इसे आप हर रोज सोने से पहले अपने होंठों पर लगा सकते हैं।



**लिप बाम की तरह करें इस्तेमाल**

जिस तरह ज्यादातर लोग लिप बाम का इस्तेमाल करत हैं, ठीक उसी तरह से आप भी नारियल के तेल को लिप बाम की तरह अपने होंठों पर लगा सकते हैं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

# अभिजीत की राजदार थी मॉडल, जो हत्या की वजह बनी, आरोपी ने सुनाया पूरा किस्सा

गुरुग्राम। मॉडल दिव्या पाहुजा की हत्या के आरोपी अभिजीत सिंह समेत तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, अभिजीत सिंह की कुछ अश्लील फोटो दिव्या पाहुजा के पास थीं, जिन्हें लेकर वह अभिजीत को ब्लैकमेल करती थी। इस कारण अभिजीत ने उसकी हत्या की साजिश रची और होटल में ले जाकर उसे गोली मार दी। गिरफ्तार तीनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर शव बरामद करने का प्रयास कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार को थाना सेक्टर-14 को सूचना मिली थी कि होटल सिटी प्वाइंट में किसी महिला की हत्या कर दी गई है। सेक्टर-14 थाना पुलिस की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। जांच में पता चला कि होटल में बलदेव नगर निवासी दिव्या की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के लिए कहीं बाहर ले जाया गया है। मृतका की बहन की शिकायत पर पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया।

अपराध शाखा सेक्टर-17 की टीम ने कार्रवाई करते हुए हत्या करने वाले मुख्य आरोपी सहित कुल तीन आरोपियों को गुरुग्राम से काबू करने में सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान मॉडल टाउन निवासी अभिजीत सिंह, नेपाल निवासी हेमराज और ओमप्रकाश निवासी जलपाईगुडी पश्चिम-बंगाल के रूप में हुई। डीसीपी पश्चिम भूपेंद्र सिंह सांगवान ने बुधवार को बताया कि दिव्या पाहुजा की हत्या के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनसे इस घटनाक्रम से संबंधित पूछताछ की जा रही है।



**अश्लील फोटो दिखाकर पैसे मांगती थी**

आरोपी अभिजीत ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि होटल सिटी प्वाइंट उसी का है, जिसे आरोपी ने लीज पर दे रखा है। दिव्या पाहुजा के पास आरोपी अभिजीत सिंह की कुछ अश्लील तस्वीरें थी, जिन तस्वीरों के कारण दिव्या पाहुजा आरोपी अभिजीत को ब्लैकमेल करती थी। अभिजीत सिंह से खर्चे के लिए रुपये अक्सर लेती रहती थी ओर अब मोटी रकम ऐठना चाहती थी। दो जनवरी को होटल सिटी प्वाइंट में आरोपी अभिजीत सिंह, दिव्या पाहुजा के साथ पहुंचा और उसके फोन से अश्लील फोटो डिलीट करने चाहे, लेकिन दिव्या ने फोन का पासवर्ड नहीं बताया। इसी से नाराज होकर उसने दिव्या को गोली मार दी।

आरोपी अभिजीत ने बताया कि दिव्या पाहुजा की गोली मारकर हत्या करने के बाद उसने होटल में साफ-सफाई व रिसेप्शन का काम करने वाले हेमराज व ओम प्रकाश के साथ मिलकर उसके शव को अपनी बीएमडब्ल्यू कार में रखवाया। इस काम को करने के लिए आरोपी ने दोनों कर्मचारियों को लाखों रुपये देने का लालच दिया था। इसके बाद आरोपी अभिजीत ने अपने दो अन्य साथियों को बुलाया और शव को ठिकाने लगाने के लिए अपनी कार उनको दे दी। पुलिस अब आरोपी के उन दो साथियों की तलाश कर रही है, जोकि कार में शव रखकर उसे ठिकाने लगाने के लिए लेकर गए थे।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार् समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।